website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 281 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## ट्रंप ने पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं

### *-दोनों देशों के संबंधों की मजबूती पर जोर*



अमेरिका (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर फोन कर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप का धन्यवाद करते हुए उन्हें अपना "मित्र" बताया और कहा कि भारत, अमेरिका के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम किया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "धन्यवाद मेरे मित्र, राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और गर्मजोशी भरे शुभकामनाओं के लिए। आपकी तरह मैं भी भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आपके प्रयासों का समर्थन करते हैं।" यह बातचीत दोनों नेताओं के बीच गहरी मित्रता और भारत-अमेरिका के रणनीतिक रिश्तों की मजबूती को दर्शाती है। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, और वैश्विक शांति जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग पहले से ही जारी है और आने वाले समय में इसके और विस्तार की उम्मीद है।

## सीएम नीतीश कुमार ने 16.4 लाख निर्माण श्रमिकों को दी 5,000 रुपए की सहायता राशि



नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्वकर्मा पूजा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 16.4 लाख निर्माण श्रमिकों के बैंक खातों में प्रत्येक को 5,000 रुपये सीधे ट्रांसफर किए। यह सहायता वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत दी गई है, इसमें कुल 802.46 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने "प्रतिज्ञा" नामक एक विशेष वेब पोर्टल लॉन्च किया, जो अनुबंधित श्रमिकों के पंजीकरण और सुविधाओं के लिए समर्पित है। लॉन्च के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, "हमारे श्रमिक भाई-बहन ही बिहार की असली ताकत हैं। उनके विकास के बिना बिहार की प्रगति अधूरी है।" उन्होंने बताया कि यह पहल श्रमिकों के योगदान का सम्मान करने और उन्हें मुख्यधारा में लाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे जेडीयू-भाजपा गठबंधन का एक प्रभावी कदम बताया है जो चुनाव से पहले श्रमिक वर्ग को आर्थिक राहत और सकारात्मक संदेश देता है। वहीं कांग्रेस और राजद नेताओं ने इस ट्रांसफर की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि सरकार सार्वजनिक धन का उपयोग वोट बैंक सृजन के लिए कर रही है। वहीं जेडीयू और भाजपा नेताओं ने इसे श्रमिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके राष्ट्र के विकास के प्रयासों की सराहना की।

## चुनाव आयोग ने बदले नियम, अब ईवीएम बैलेट पेपर पर दिखेंगी रंगीन तस्वीरें



नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने वोटरों की सुविधा और स्पष्टता बढ़ाने के लिए ईवीएम बैलेट पेपर के डिजाइन और प्रिंटिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। यह संशोधन चुनाव नियम 1961 के नियम 49B के तहत किया गया है। इन नए प्रावधानों के तहत उम्मीदवारों की तस्वीरें अब बैलेट पेपर पर रंगीन रूप में छपी होंगी और चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से में होगा ताकि वह साफ और आसानी से पहचाना जा सके।

चुनाव आयोग ने पिछले छह महीनों में चुनाव प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए 28 अहम पहलें की हैं और यह कदम उसी श्रृंखला का हिस्सा है। अब उम्मीदवारों और 'नोटा' (NOTA) के क्रमांक अंतरराष्ट्रीय भारतीय अंकों के रूप में लिखे जाएंगे। उनकी फॉन्ट साइज 30 और बोल्ड होगी ताकि मतदाताओं को स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सभी उम्मीदवारों और 'नोटा' के नाम एक ही फॉन्ट और एक ही आकार में बड़े अक्षरों में छापे जाएंगे जिससे समानता और स्पष्टता बनी रहे।

नए बैलेट पेपर 70 GSM पेपर पर छापे जाएंगे। विधानसभा चुनावों के लिए इन बैलेट पेपरों का रंग गुलाबी होगा और इसके लिए तय किए गए विशेष RGB मानों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन बदलावों का इस्तेमाल सबसे पहले आगामी बिहार चुनावों में किया जाएगा और इसके बाद अन्य राज्यों में भी इसे लागू किया जाएगा।

इन सुधारों से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के दौरान आसानी होगी और बैलेट पेपर अधिक पढ़ने योग्य और स्पष्ट दिखाई देंगे।

## पीएम मोदी ने जन्मदिन पर बधाई संदेश के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन का जताया आभार



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर देश और दुनिया के कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन कर पीएम मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन, आपके फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान में हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है।

वहीं डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने भी एक्स पर पोस्ट कर पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि डोमिनिका की सरकार और जनता की ओर से मैं भारत के प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। हम महामारी के दौरान जीवन रक्षक सहायता सहित भारत के निरंतर सहयोग और जलवायु परिवर्तन तथा सतत विकास पर सहयोग की बहुत सराहना करते हैं। इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि धन्यवाद प्रधानमंत्री स्केरिट, भारत डोमिनिका राष्ट्रमंडल के साथ मित्रता और एकजुटता के मजबूत संबंधों को गहराई से संजोता है।

इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने वीडियो संदेश जारी कर पीएम मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री लक्सन, आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारी मित्रता को बहुत महत्व देता हूं और भारत 2047 के विकासशील सफर में न्यूजीलैंड को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता हूं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीज, आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।

## सूरत में पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिव्यांगों को वितरित की गईं 75 व्हीलचेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर गुजरात के सूरत में 75 दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। व्हीलचेयर प्राप्त कर दिव्यांगों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट थी। सभी ने एक स्वर में पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की। लाभार्थियों ने बताया कि व्हीलचेयर मिलने से उनकी कई परेशानियां दूर होंगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से व्हीलचेयर की आवश्यकता थी, जो आज इस विशेष अवसर पर पूरी हुई।

लाभार्थी मोहिद्दीन शेख यूसुफ ने कहा, "व्हीलचेयर मिलने से मुझे बहुत राहत मिली है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि वे देशहित में कार्य करते रहें।" लाभार्थी अफसाना ने कहा, "मैं व्हीलचेयर के लिए पीएम मोदी की बहुत आभारी हूं। इसकी मुझे बहुत आवश्यकता थी।"


केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सभी उनकी दीर्घायु की कामना कर रहे हैं। गुजरात वासियों को गर्व है कि उनका जन्म गुजरात में हुआ। उनके प्रेरक नेतृत्व ने भारत की वैश्विक छवि को सशक्त किया और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया।"

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर दिव्यांगजनों को साइकिल वितरित करते हुए मुझे अत्यंत संतोष की अनुभूति हुई। जनसेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा ही पीएम मोदी का संकल्प है और उनके जन्मदिन के अवसर पर किए जा रहे सेवा कार्य परम आनंद की अनुभूति करा रहे हैं।

सीआर पाटिल ने कहा कि आज देशभर में प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाएगा। अगर दुनिया भर में किसी नेता का जन्मदिन विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाता है, तो वह केवल पीएम मोदी का ही है। मैं सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अपील करता हूं कि वे सेवा पखवाड़े की विभिन्न गतिविधियों में बड़ी संख्या में शामिल हों, क्योंकि जनसेवा ही हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने स्वच्छता को केवल अभियान ही नहीं, बल्कि राष्ट्र जीवन का संस्कार बना दिया है। उनके जन्मदिवस के पावन अवसर पर देशभर में स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ इसी संकल्प का प्रतीक है। सूरत महानगर स्थित इच्छानाथ मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान में सहभागी बनकर मुझे गहन संतोष एवं कृतज्ञता का अनुभव हुआ।

## जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को 2 लाख करोड़ रुपये की बचत- निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को 2 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। यह कदम आम लोगों के हाथों में बचत या विवेकाधीन खर्च के लिए अधिक पैसा लाएगा।

**जीएसटी परिषद का बड़ा फैसला**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम में संबोधन के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय कर बोझ कम करने और अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। अब 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत आ गई हैं, जो मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए लाभकारी होगा।

**कर संरचना में सरलीकरण**

निर्मला सीतारमण ने कहा कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब प्रणाली अपनाकर 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की पुरानी दरों को हटाया गया है, जिससे कर संरचना पारदर्शी और पालन में आसान हो गई है। ये सुधार कृषि वस्तुओं पर कर कम कर किसानों की आय बढ़ाने और एमएसएमई को बेहतर अवसर प्रदान करने में भी मददगार होंगे।

**राजस्व और रोजगार में वृद्धि**

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी राजस्व 2018 के 7.19 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि करदाताओं की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि ये सुधार क्रय शक्ति बढ़ाएंगे और पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को मजबूत करेंगे।

**22 सितंबर से प्रभावी**

उल्लेखनीय है कि नए जीएसटी सुधार 22 सितंबर से लागू होंगे, जो आर्थिक विकास को गति देंगे और हर नागरिक को सशक्त बनाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्वास जताया कि यह ऐतिहासिक कदम भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा।

## विश्वकर्मा जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

### *-12 नए ट्रेड्स को मिला टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम में स्थान*



उत्तर प्रदेश (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती पर 'विश्वकर्मा एक्सपो-2025' का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब परंपरागत 11 कारीगर ट्रेड्स के साथ 12 नए ट्रेड्स को भी जोड़ा गया है। इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस सहित अन्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन नए क्षेत्रों से जुड़कर युवाओं को आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि बीते साढ़े आठ साल में कारीगरों और शिल्पकारों ने यूपी को बीमारू राज्य से निकालकर विकास का ग्रोथ इंजन बना दिया है। कार्यक्रम में बैंकों द्वारा प्रदेशभर के कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए 1,32,000 करोड़ का ऋण वितरण किया गया, जो कई राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक है। मंच से सीएम योगी ने सीतापुर की शशि देवी को 2 लाख रुपए और लखनऊ की अंशु शर्मा को 9.5 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रदेशभर के 12,000 कारीगरों को मिला टूलकिट

इसके अलावा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के 12,000 कारीगरों को टूलकिट दी गई। इनमें लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से टूलकिट देकर सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जहां 100 रुपये जमा पर केवल 44 रुपये का ऋण मिलता था, वहीं आज यह अनुपात 62 प्रतिशत हो गया है। लक्ष्य है कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे 75 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार युवाओं को जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम योगी ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह अब पूरे देश के लिए मॉडल बन चुकी है और इस योजना की वजह से यूपी 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपये का निर्यात करने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि क्रिकेट और फुटबॉल दुनियाभर में खेले जाते हैं लेकिन उनका निर्माण मेरठ में होता है। चमड़े का काम आगरा में होता है और कार्पेट बनाने में वाराणसी, मिर्जापुर और भदोही के कारीगरों का हुनर पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है।

इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों और संगठनों के साथ तीन अहम एमओयू साइन किए गए। इनमें रेलटेल इंडिया, जीएमआर, शाही एक्सपोर्ट्स, यदुपति, ऊषा इंटरनेशनल, लक्मे, मिस्टर ब्राउन, राधेलाल, धोबीलाइट, मेसर्स ऐट्रेक, लाउंड्री लेजेंड, समाधान, महेश नमकीन, मिंडा सिल्का, केयर स्किल एकेडमी, अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, रॉयल इम्पैक्ट, विजय इंडस्ट्रीज, श्याम सन्स, अजिमुत बिजनेस ऑन व्हील्स, जेडी वेलफेयर, ब्लैक पॉटरी फाउंडेशन, एचसीएल फाउंडेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सीए चरनजीत सिंह नंदा व सीए ज्ञानचंद मिश्रा शामिल रहे। ये कंपनियां पारंपरिक कारीगरों को नई तकनीक से प्रशिक्षित करेंगी।

इसके साथ ही प्रदेश के 111 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें से 11 अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने मंच से स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपा।

## बांग्लादेशी प्रवासियों ने लंदन में मुहम्मद युनूस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

बांग्लादेश (एजेंसी)। बांग्लादेश की मुहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ विदेशी धरती पर विरोध बढ़ता जा रहा है। इस बार यूनाइटेड किंगडम में बांग्लादेशी प्रवासियों के 2,000 से अधिक सदस्यों ने लंदन के ट्राफलगर स्क्वायर में एक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन बांग्लादेश में सरकार की ओर से लोगों के दमन, मानवाधिकारों के हनन और अलोकतांत्रिक गतिविधियों के विरोध में किया गया।

**प्रदर्शनकारियों ने ट्राफलगर स्क्वायर से डाउनिंग स्ट्रीट तक किया मार्च**

इस प्रदर्शन को लेकर अवामी लीग भी मुहम्मद युनूस सरकार पर हमलावर है। प्रदर्शनकारियों ने ट्राफलगर स्क्वायर से डाउनिंग स्ट्रीट तक मार्च किया। इसके बाद उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नाम एक पत्र सौंपा। पार्टी ने कहा कि पत्र में बांग्लादेशी प्रवासियों ने कानून के शासन की कमजोरी और बांग्लादेश की स्वतंत्र, बहुलवादी और लोकतांत्रिक राजनीतिक संस्कृति पर हमलों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

**ब्रिटेन में रहने वाले लाखों लोग हैं चिंतित**

पत्र में कहा गया, "ब्रिटेन सरकार अपने करीबी सहयोगी के अराजकता में डूबते हुए चुपचाप नहीं बैठ सकती। हमारे दोनों देशों का इतिहास आपस में जुड़ा हुआ है। आज ग्रेट ब्रिटेन में रहने वाले लाखों चिंतित लोग, जिनके परिवार और दोस्त बांग्लादेश में हैं, चाहते हैं कि ब्रिटेन इसमें सक्रिय रुचि ले।" पत्र में आगे कहा गया, "हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह अंतरिम प्रशासन को उसकी ओर से किए गए मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराए, स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतांत्रिक चुनावों की निगरानी करे और जहां जरूरी हो, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन लेकर यह सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश में लोकतंत्र कायम रहे।"

**हिंसक घटनाएं अब भी अनियंत्रित रूप से जारी**

अवामी लीग के अनुसार, लंदन में प्रदर्शनकारियों ने यूनुस प्रशासन के सत्ता में आने के बाद से धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों का भी विरोध किया। यूनुस शासन के पहले तीन महीनों में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ 2,000 से अधिक हमले दर्ज किए गए और ये लक्षित हिंसक घटनाएं अब भी अनियंत्रित रूप से जारी हैं।

**लाखों बांग्लादेशी मतदाताओं का छिन जाएगा अधिकार**

पार्टी ने दावा किया कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति ने मानवाधिकार संगठनों से अंतरराष्ट्रीय निंदा प्राप्त की है, जिन्होंने मीडिया पर दमन, धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, और एक पूरी राजनीतिक पार्टी और इसके समर्थकों के उत्पीड़न की आलोचना की है। अवामी लीग ने "गैर-निर्वाचित" अंतरिम सरकार द्वारा भविष्य के चुनावों में भाग लेने पर प्रतिबंध का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप लाखों बांग्लादेशी मतदाताओं का अधिकार छिन जाएगा।

अवामी लीग पर भविष्य के चुनावों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने का उल्लेख करते हुए पार्टी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, करोड़ों बांग्लादेशी मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग समर्थकों के खिलाफ दर्ज किए गए हजारों मनमाने और राजनीति से प्रेरित आरोपों की भी निंदा की।

## श्रीलंका की बोहरा मस्जिद में पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर की गई विशेष दुआएं



श्रीलंका (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो स्थित बम्बलापिटिया बोहरा मस्जिद में विशेष दुआएं की गईं। समुदाय के सदस्यों ने पीएम मोदी की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की कामना की। ग्लेनाबर प्लेस, बम्बलापिटिया स्थित हुसैनी मस्जिद श्रीलंका की सबसे बड़ी दाऊदी बोहरा मस्जिद है। यहां की जमात अक्सर प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने लंबे और विशेष संबंधों को याद करती है और उनके सकारात्मक कार्यों की सराहना करती है। पीएम मोदी ने भी कई मौकों पर भारत और दुनिया भर में बोहरा समुदाय से मुलाकात का ज़िक्र करते हुए कहा है, "मैं जहां भी जाता हूं, देश में ही नहीं विदेश में भी, मेरे बोहरा भाई-बहन ज़रूर मिलने आते हैं।" इस साल अप्रैल में दाऊदी बोहरा समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास लोक कल्याण मार्ग पर मिला था और 'वक्फ संशोधन अधिनियम' लाने के लिए उनका आभार जताया था। इस प्रतिनिधिमंडल में कारोबारी, डॉक्टर, शिक्षक और अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे, जिन्होंने अपनी समस्याएं साझा कीं। पीएम मोदी ने उस समय समुदाय के सामाजिक कार्यों की परंपरा की सराहना की थी और कहा था कि इस अधिनियम को लाने की प्रक्रिया शुरू होते ही उन्होंने सबसे पहले सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से इस पर चर्चा की थी, जिन्होंने अहम सुझाव दिए थे। इस बीच, श्रीलंका की महाबोधि सोसाइटी भी बुधवार को पीएम मोदी के जन्मदिन पर भिक्षुओं की सभा आयोजित करने जा रही है।

# बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रम निर्धारित करने की दरकार

## -डिजिटल युग और किशोरों की नींद पर असर



मनुष्य को जीवन जीने के लिए जिस तरह भोजन, कपड़ा और मकान की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार स्वस्थ जीवन के लिए पर्याप्त नींद भी जरूरी है। नींद केवल आराम का साधन नहीं बल्कि मस्तिष्क और शरीर दोनों को पुनः ऊर्जावान करने की प्रक्रिया है। आधुनिक दौर में यह सबसे उपेक्षित स्वास्थ्य आदत बन चुकी है। खासतौर पर किशोर अवस्था (Teenage) में, जब बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास तेजी से हो रहा होता है, नींद की कमी एक साइलेंट चुनौती बनकर सामने आ रही है। डिजिटल युग के "नेटिव्स" यानी जेनरेशन ज़ी (Gen Z) के बच्चे नींद की अहमियत को गंभीरता से नहीं लेते। देर रात तक मोबाइल, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना उनकी आदत बन गई है। सुबह देर से उठना, स्कूल/कॉलेज में उनींदापन और याददाश्त में कमी उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

**डिजिटल युग और किशोरों की नींद**

आज की पीढ़ी किसी भी प्रश्न या समस्या का समाधान माता-पिता, शिक्षकों या किताबों में ढूँढने के बजाय गूगल और यूट्यूब से लेती है। डिजिटल दुनिया की यह निर्भरता रात की नींद छीन ले रही है। ऑनलाइन क्लास, असाइनमेंट, सोशल मीडिया पर सक्रियता और गेमिंग—ये सभी कारण किशोरों को देर रात तक जगाए रखते हैं। परिणामस्वरूप, 12 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों में औसतन 6–6.5 घंटे की नींद रह जाती है, जबकि चिकित्सकीय मानकों के अनुसार उन्हें कम से कम 8–9 घंटे की नींद मिलनी चाहिए।

**शोध और वैज्ञानिक प्रमाण**

हाल ही में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र और गंगाराम अस्पताल द्वारा किए गए एक संयुक्त शोध में पाया गया कि – जो बच्चे नए शब्द सीखने के तुरंत बाद झपकी (Nap) लेते हैं, उनकी याददाश्त अधिक मजबूत होती है। नींद के अभाव में बच्चों की एकाग्रता (Concentration) घट जाती है। अपर्याप्त नींद से इमोशनल डिसऑर्डर, तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है। लंबे समय तक नींद की कमी से डिप्रेशन और एंग्ज़ायटी की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि नींद केवल शारीरिक आराम ही नहीं देती, बल्कि यह सीखने की प्रक्रिया (Learning Process) में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव**

शारीरिक स्वास्थ्य पर असर, नींद की कमी से हार्मोनल असंतुलन होता है। बच्चों की ऊँचाई और विकास पर बुरा असर पड़ता है। इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जिससे वे जल्दी बीमार पड़ते हैं। मोटापा और डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर**

तनाव और एंग्ज़ायटी बढ़ जाती है। स्मृति (Memory Power) कमजोर होती है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी देखने को मिलती है। लगातार नींद की कमी से डिप्रेशन का खतरा बढ़ता है।

नींद और शिक्षा का गहरा संबंध

किशोर अवस्था में बच्चे अपने जीवन की सबसे संवेदनशील शैक्षणिक यात्रा से गुजरते हैं। नींद का अभाव सीधे तौर पर पढ़ाई, याददाश्त और क्रिएटिविटी को प्रभावित करता है। पर्याप्त नींद लेने वाले बच्चे कक्षा में अधिक सक्रिय रहते हैं। वे विषयों को जल्दी समझते और लंबे समय तक याद रखते हैं। नींद की कमी से परीक्षा परिणामों पर नकारात्मक असर पड़ता है। यह भी देखा गया है कि जिन बच्चों को पर्याप्त नींद नहीं मिलती, वे ड्रग्स और नशे की लत की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं।

**पाठ्यक्रम में बदलाव की दरकार**

भारत का वर्तमान शिक्षा पाठ्यक्रम छात्रों पर अत्यधिक अकादमिक बोझ डालता है। लंबे अध्ययन घंटे, कोचिंग, ऑनलाइन असाइनमेंट और अतिरिक्त गतिविधियाँ बच्चों से उनकी नींद छीन लेती हैं। जरूरत है कि शिक्षा नीति और पाठ्यक्रम में नींद और स्वास्थ्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए जाएं।

**स्कूल टाइमिंग में बदलाव**

किशोरों के लिए स्कूल सुबह बहुत जल्दी शुरू न हो। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि किशोरों का जैविक घड़ी (Biological Clock) देर से सक्रिय होता है, इसलिए 8:30 या 9 बजे के बाद कक्षाएँ शुरू हों।

**स्वास्थ्य शिक्षा का समावेश**

पाठ्यक्रम में नींद और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष अध्याय शामिल हों। बच्चों को नींद की अहमियत सिखाई जाए।

डिजिटल डिटॉक्स की शिक्षा स्कूल और कॉलेजों में "डिजिटल साक्षरता" (Digital Literacy) पढ़ाई जाए। बच्चों को बताया जाए कि रात को देर तक स्क्रीन यूज़ करना नींद और स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक है। होमवर्क और असाइनमेंट पर नियंत्रण, छात्रों पर इतना अकादमिक दबाव न हो कि उनकी नींद छिन जाए। ज़रूरी है कि होमवर्क का भार सीमित किया जाए।

**माता-पिता और समाज की भूमिका**

नींद की समस्या केवल शिक्षा व्यवस्था की वजह से नहीं है, बल्कि घर और समाज भी इसमें बराबर जिम्मेदार हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के लिए सोने-जागने का नियमित रूटीन बनाएं। परिवार को रात का खाना समय पर देना चाहिए ताकि बच्चे जल्दी सो सकें। बच्चों को सोने से पहले मोबाइल और टीवी से दूर रखना चाहिए। सोने से पहले किताब पढ़ने, ध्यान (Meditation) या हल्की बातचीत की आदत डालनी चाहिए।

**डिजिटल युग में समाधान**

Screen Time Control Apps का इस्तेमाल करके बच्चों के मोबाइल पर रात के समय इंटरनेट या सोशल मीडिया को ब्लॉक किया जा सकता है। सोने से पहले ब्लू लाइट फिल्टर का प्रयोग किया जाए। स्कूल और कॉलेजों को "No Gadget Zone" नीति लागू करनी चाहिए। बच्चों को खेल-कूद और आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उनका शरीर थके और वे जल्दी सोएं।

**शिक्षा नीति और नींद**

नई शिक्षा नीति (NEP 2020) ने बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर जोर दिया है, लेकिन इसमें नींद को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश अभी भी नदारद हैं। आवश्यकता है कि – शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर "Sleep Guidelines for Students" जारी करें। स्कूलों में काउंसलिंग सेशन हों, जहाँ बच्चों को नींद के महत्व के बारे में बताया जाए। शिक्षकों को भी इस विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। डिजिटल युग ने किशोरों को ज्ञान और जानकारी का महासागर तो दिया है, लेकिन इसी के साथ उनकी नींद और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा भी खड़ा कर दिया है। यदि समाज, परिवार और शिक्षा व्यवस्था ने मिलकर इस पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में हमारी युवा पीढ़ी मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जाएगी। इसलिए यह समय की माँग है कि – शिक्षा पाठ्यक्रम को बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के अनुकूल बनाया जाए। नींद को भोजन और व्यायाम की तरह जीवन का अनिवार्य हिस्सा समझा जाए। किशोरों को डिजिटल आदतों से संतुलन बनाना सिखाया जाए। केवल तभी हम एक स्वस्थ, ऊर्जावान और संतुलित पीढ़ी का निर्माण कर पाएंगे, जो आने वाले कल में देश का नेतृत्व संभाल सके।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### खेलों में मेंटल हेल्थ की अनदेखी नहीं चल सकती: अब ज़रूरत है नीतियों की

खेल आज सिर्फ़ मैदान में जीत या हार का नाम नहीं हैं। यह शारीरिक फिटनेस की परीक्षा के साथ-साथ मानसिक संतुलन और दृढ़ता की भी कसौटी बन चुके हैं। ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भाग लेने वाले खिलाड़ी सिर्फ़ अपनी ताक़त और तकनीक से नहीं, बल्कि एक मज़बूत मानसिक ढांचे के साथ भी मैदान में उतरते हैं। हाल ही में ब्रिटेन की 20 वर्षीय तैराक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली आंद्रिया हॉल ने मेंटल हेल्थ के चलते खेल से ब्रेक लेने का जो निर्णय लिया, वह दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल है। इस फैसले ने यह बात एक बार फिर स्पष्ट कर दी कि मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। आंद्रिया का फैसला साहसिक इसलिए भी है क्योंकि खेल की दुनिया में अब भी यह धारणा बनी हुई है कि खिलाड़ी को हमेशा मज़बूत, निडर और हर परिस्थिति में संतुलित रहना चाहिए। ऐसे में कोई खिलाड़ी जब खुलेआम मेंटल हेल्थ के कारण ब्रेक लेने की बात करता है, तो वह न सिर्फ़ एक व्यक्तिगत कदम होता है, बल्कि उस पूरे सिस्टम पर सवाल उठाता है जो भावनाओं को कमजोरी मानता है। हालांकि पश्चिमी देशों में पिछले कुछ वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता में काफी इज़ाफा हुआ है। अमेरिका की मशहूर जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स, टेनिस स्टार नाओमी ओसाका, और अब आंद्रिया जैसी खिलाड़ियों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा की हैं। इससे वहां की खेल संस्थाओं और नीति-निर्माताओं को मजबूरन ऐसे ढांचे बनाने पड़े हैं, जिनमें खिलाड़ी को काउंसलिंग, थेरैपी और रेस्ट जैसी सुविधाएं मिल सकें। लेकिन जब हम भारत या दक्षिण एशिया के बाकी देशों की बात करते हैं, तो तस्वीर थोड़ी निराशाजनक हो जाती है। भारत में खेल का मतलब अब भी ज़्यादातर लोग सिर्फ़ मैडल, पोजीशन और नंबर से लगाते हैं। खिलाड़ी की भावना, उस पर पड़ने वाला मानसिक दबाव या उसके भीतर चल रही भावनात्मक उठा-पटक पर शायद ही कभी ध्यान दिया जाता है। कोचिंग कैंपों से लेकर प्रतियोगिता के मैदान तक, खिलाड़ी पर सफलता की एक ऐसी ज़िम्मेदारी डाल दी जाती है, जो कभी-कभी असहनीय हो जाती है। यह दबाव केवल प्रदर्शन का नहीं होता, बल्कि घर, समाज, संस्था और मीडिया की उम्मीदों का भी बोझ होता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी एक 'कमज़ोरी' के रूप में देखा जाता है। अगर कोई खिलाड़ी कह दे कि वह मानसिक रूप से थक गया है, तो उसे ज़्यादातर लोग या तो बहाना मानते हैं या उसे संघर्षहीन समझ बैठते हैं। यही कारण है कि भारतीय खेल प्रणाली में आज भी प्रोफेशनल काउंसलर या स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की व्यवस्था लगभग न के बराबर है। हालांकि कुछ सुधार भी हुए हैं। टॉप्स (TOPS) योजना के तहत अब खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती के लिए काउंसलिंग की सुविधा दी जा रही है, लेकिन यह प्रयास अब भी सीमित है और ज़्यादातर एलीट खिलाड़ियों तक ही सीमित है।

धर्मांतरण

योगेश कुमार सोनी



## लव जिहाद से दहल रहा भारत

देश में हो रही लव जिहाद की घटनाओं ने हिलाकर रख दिया है। जिहादी हर रोज नए-नए पैतरों से अपनी सारी क्षमता का प्रयोग करते हुए सैकड़ों लड़कियों को शिकार बना रहे हैं। केरल जैसे राज्य में तो सारी हदें तब पार हो गई, जब जुलाई के महीने में कोर्ट मैरिज के पचास आवेदन आए और सभी आवेदनों में लड़के मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू। हर रोज राज्य स्तर पर धर्मांतरण विरोधी कानून भी बन रहे हैं लेकिन बावजूद इसके इसमें कोई कमी नहीं आ रही। बीते दिनों राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए और कठोर प्रावधानों के साथ नया विधेयक लाने का फैसला किया है। इसके तहत 'राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025' का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसे आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश में भी इस तरह का कानून लागू हुआ जिसमें अधिनियम के तहत दोषी को 10 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। यह कानून सामूहिक धर्मांतरण को भी कवर करता है। इस अधिनियम के अनुसार, जो कोई भी धर्म परिवर्तन करना चाहता है, उसे 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को पूरी जानकारी के साथ घोषणा करनी होती है। वहीं कोई संभी धार्मिक पुरोहित जो धर्मांतरण समारोह आयोजित करना चाहता है, उसे भी 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देनी होती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश व हरियाणा के साथ तमाम राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून बने हुए हैं लेकिन स्थिति सुधरने की बजाय हर रोज बिगड़ रही हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद, पैसा देकर जिहाद, कैब जिहाद जैसे कई नए-नए तरीके के जिहाद सामने आए। देश में लव-जिहाद को लेकर एक अजीब सी स्थिति बन चुकी। कुछ संगठनों ने जब कट्टर मानसिकता के लोगों को पकड़ा तो उन्होनें कई तरह के राज उगले। उनके अनुसार उनको हिंदू लड़कियों को फंसाकर निकाह करने पर पैसा मिलता है। यह भी बताया कि लड़की से शादी करके उन्हें छोड़कर फिर किसी अन्य किसी लड़की को फंसाए जाने को कहा जाता है। इसके अलावा जिहादियों की गिरफ्त से छुटी लड़कियों ने बताया कि हमें सनातम धर्म की बुराई करके इस्लाम को अच्छा बताकर माइंड डाइवर्ट किया और रोज हमें कुछ भभूती खिलाते थे। साथ ही बॉलीवुड का उदाहरण देते थे कि बॉलीवुड में जितने भी मुसलमान हीरो हैं, उनसे सभी बड़े घराने की हिंदू लड़कियां ही शादी करती हैं। यह भी उदाहरण दिया कि बॉलीवुड में मुसलमान लड़कियों ने काम करना बंद कर दिया। सना खान व जायरा वसीम ने यह कहकर बॉलीवुड छोड़ा कि उनका अल्लाह उन्हें इजाजत नहीं देता लेकिन सूत्रों के अनुसार सामने यह आया था कि उन्हें कुछ आतंकी ग्रुप से धमकी मिलती थी कि उन्हें इस्लाम का हवाला देकर बॉलीवुड छोड़ना है। बहरहाल,वहीं लव-जिहाद व धर्मांतरण को लेकर संतों का यह कहना है कि हमारे लोग बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक नहीं करते। पूजा-पाठ व अपने धार्मिक ग्रंथों की जानकारी नहीं देते, वहीं इसके विपरीत मुस्लिम लोग अपने बच्चों को बचपन से अपने धर्म के प्रति जागरूक करते हैं। उनके यहां दस साल का बच्चा रोजा रखता है, बचपन से ही उनको कुरान पूरी तरह से पढ़ाई व समझाई जाती है लेकिन हिंदुओं में व्यस्क होने के बाद तक भी उनको हनुमान चालीसा व एक भी चौपाई याद नहीं होती। जहां हम एक ओर एकता का पाठ पढ़ाते हैं, वही जिहादी उनको शुरुआत से नफरत करना सिखाते हैं। इसके अलावा एक शिक्षक ने बताया कि स्कूलों के बाहर बहुत सारे मुसलमान लडक़े खडे.होते हैं और वह केवल हिंदू लड़कियों को ही टारगेट करते हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद देशभर में बहुत गूंजा जिस पर कुछ हिंदू संगठनों ने कहा कि जिम में केवल हिंदू लड़कियां व महिलाएं ही आती हैं, एक भी मुस्लिम महिला व लड़की नहीं आती और जितने भी ट्रेनर हैं वह सभी मुस्लिम हैं। कुछ मुस्लिम पूंजीपतियों ने अपने जिम खोले जिसमें सभी पुरुष ट्रेनर मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू हैं । कोई मुस्लिम लड़की आ भी जाती थी तो उसको जिम में एडमिशन नहीं दिया जाता। दरअसल, हम लोग इस बात की गंभीरता नहीं समझ पा रहे हैं लेकिन सबकी नजर इस समय हिंदुस्तान पर ही है। भारत को इस्लामिक करने में कई देश व कट्टर इस्लामिक संगठन लगे हुए हैं। एक विदेशी मुस्लिम लेखक ने अपने एक लेख में कहा है कि 'हिंदुस्तान की हुकूमत सोई हुई है और यदि ऐसा ही रहा तो 2040 तक भारत इस्लामिक राष्ट्र बन जाएगा और कट्टरपंथी उसके कुछ वर्ष बाद हिंदुओं का पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं जैसा हाल करेंगे। इसलिए अब समय के साथ जागरूक हो जाना ही बेहतर है अन्यथा आने वाला समय चिंताजनक होगा। प्रेम करना अपराध नहीं लेकिन किसी गलत हाथों में पड़कर अपनी जिंदगी व अपने घरवालों के सम्मान के साथ खेलने वाली लड़कियों को अब समझना होगा कि क्या गलत है और क्या सही?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से हर समस्या का हल संभव



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### डीप टेक से सशक्त होता भारत

अभियंता दिवस केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।

*- मनोज साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

### खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो निगरानी टीम का अपहरण

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें रोक लिया और अगवा कर लिया। पुलिस टीमों ने तुरंत इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के दो नए मामले सामने आए, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या 26 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टैंक जिले में 124 माता-पिता अब भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ, दुनिया के उन आखिरी दो देशों में शामिल है जहां पोलियो के मामले अब भी सामने आ रहे हैं।



## ऑफ बीट

### ज्वालामुखी की राख से मानव का विकास समझने में मदद

मनुष्य कैसे मानव बने? यह समझना कि हमारे पूर्वज कब, कहाँ और किन पर्यावरणीय परिस्थितियों में रहते थे, मानव विकास की पहेली को सुलझाने का आधार है। दुर्भाग्य से, प्रारंभिक मानव विकास की समयरेखा को निर्धारित करना लंबे समय से कठिन रहा है – लेकिन पूर्वी अफ्रीका में प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट इसकी कुंजी हो सकते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, केन्या के तुर्काना बेसिन में ज्वालामुखी राख की परतों के बारे में हमारी जानकारी को और पुष्ट करता है। इस स्थान पर कई प्रारंभिक मानव जीवाश्म मिले हैं। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने केन्या के तुर्काना बेसिन की नारिओकोटोमे टफ्स नामक राख की तीन परतों का उच्च-परिशुद्धता से विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र मानव विकास संबंधी अनुसंधानों के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक माना जाता है। हमने उच्च-सटीक आयु अनुमान प्रदान किए हैं, जो मानव विकास की एक अधिक परिष्कृत समय-सीमा स्थापित करने की दिशा में एक छोटा सा कदम है। लाखों वर्षों के ज्वालामुखी विस्फोट कई खुलासे कर सकते हैं। पूर्वी अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली कई विश्व-प्रसिद्ध जीवाश्म स्थलों का घर है।



## ट्रेंड

### ज़िंदगी की दिशा



राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी ने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहाँ से लाता हूँ। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर हम सवाल तैयार करते हैं।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### जनहानि अत्यंत दुःखद



देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश निवासियों के परिजनों को 02-02 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### वैशाली को बधाई



वैशाली रमेशबाबू को एफआईडीए महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतने पर बधाई! लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतना और महिला कैंडिडेट्स 2026 में जगह बनाना, भारतीय शतरंज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### देश जानना चाहता है



दबाव में आकर असम कांग्रेस के सांसद ने खुद स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तान गए थे। लेकिन अब देश जानना चाहता है -वे किसके बुलावे पर गए? वहाँ क्या-क्या देखा? और वहाँ किसका नमक खाया?

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

रॉयल पत्रिका

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का एमपी के धार से किया शुभारंभ

## -भारत को आयुष्मान और राजस्थान को स्वस्थ बनाने में अभियान की अहम भूमिका

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस चिकित्सालय परिसर से वर्चुअली जुड़े, जहां उन्होंने आयुष्मान भारत-स्वस्थ राजस्थान की दिशा में विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत हुई है। महिलाओं के स्वस्थ होने पर ही देश, जिला और गांव स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख रूप से शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की जो पहल की गई है, वह भी प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम है।




**प्रधानमंत्री ने धार से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शिविर का किया शुभारंभ—**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धार में आयोजित कार्यक्रम में मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की। उन्होंने भारत की नारी शक्ति को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि जब एक माँ स्वस्थ होती है तो पूरा घर सुचारू रूप से चलता है लेकिन अगर वह बीमार पड़ जाती है तो पूरी पारिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है। उन्होंने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी महिला को जागरूकता या संसाधनों की कमी के कारण कष्ट सहना नहीं पड़े । इस अभियान के तहत रक्तचाप और मधुमेह से लेकर एनीमिया, तपेदिक और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच कराने का आग्रह किया। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे जो भी बेचें और खरीदें, वह स्वदेशी हो।

**मोदी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को दी सर्वोच्च प्राथमिकता—**

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक माताओं को 19 हजार करोड़ रूपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और स्वस्थ राजस्थान का सपना साकार करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने, गर्भवती की समुचित देखभाल करने और बेटियों को बेटों के समान अवसर उपलब्ध कराने की अपील की।

**स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा निरंतर सुधार और विस्तार—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए काम करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार और विस्तार कर रही है। हमारा उद्देश्य प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्युदर को न्यूनतम स्तर पर लाना है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के क्रम में प्रदेश में मातृ मृत्युदर घटकर 86 प्रति एक लाख जीवित जन्म दर्ज की गई है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में मातृ मृत्यु दर अधिक और संस्थागत प्रसव की दर बहुत कम थी।

**राज्य में संस्थागत प्रसव की दर 95 प्रतिशत—**

शर्मा ने कहा कि मातृ एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रदेश में 95 लेबर रूम और 44 ओटी भारत सरकार के स्तर से सर्टिफाइड किए जा चुके हैं। राज्य में संस्थागत प्रसव 95 प्रतिशत है, जो अन्य राज्यों से काफी बेहतर है। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गांव-कस्बों में सोनोग्राफी की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के लिए मा वाउचर योजना के अंतर्गत क्यूआर कोड आधारित वाउचर की सुविधा दी जा रही है। इसमें अब तक 2 लाख से अधिक कूपन जारी किए जा चुके हैं और डेढ़ लाख गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिला है।

# मुख्य सचिव ने प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों से अब तक किए कार्य और तैयारी का फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।



पंत ने अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने और लंबित मुद्दों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए ताकि सुचारू समन्वय सुनिश्चित हो सके और कार्यक्रम पूर्ण सफल रहे।।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मान उन प्रवासी राजस्थानियों को दिया जाएगा, जिन्होंने सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है, राज्य की संस्कृति—परम्पराओं को दुनियाभर में फैलाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इस कार्यक्रम में शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य और जल जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर सेक्टोरल सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों का नेतृत्व विशिष्ट विशेषज्ञ करेंगे तथा प्रवासी सदस्य, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है, भी इसमें भाग लेंगे।

करीबी समन्वय और सक्रिय पहुँच की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन और प्रवासी राजस्थानियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों द्वारा करीबी समन्वय और प्रभावी योजना बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बैठक में मुख्य सचिव ने प्रतिभागियों को हैदराबाद, सूरत और कोलकाता में आयोजित होने वाले प्री-इवेंट प्रवासी मिलन कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया। इन प्रवासी मिलनों का उद्देश्य प्रवासी समुदाय की अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करना और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सार्थक संबंधों को मजबूत करना है।

बैठक में अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन, कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, कौशल, उद्यमिता एवं रोजगार, राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, श्रीमती गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, डॉ. जोगा राम, शासन सचिव, उद्योग, डॉ. मनीषा अरोड़ा, आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन और ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टमेंट एंड प्रमोशन तथा राजस्थान फाउंडेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

## - जिला परिषद, जयपुर सभागार में आयोजित हुआ समारोह

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला परिषद जयपुर के सभागार में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 का शुभारंभ जिला परिषद के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया ने अभियान के उद्देश्यों, महत्व तथा इसके अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास का आधार है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता का संदेश दिया गया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एमजेमएस द्वारा संचालित कार्यों को सफलतापूर्वक लागू करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली तथा प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। अंत में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं नागरिक सम्मिलित हुए। लुहाड़िया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य है कि स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देकर हर घर, हर गली और हर गांव-नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जाए।




# उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद ने किया दूदू विधानसभा में 'ग्रामीण सेवा शिविर' शुभारंभ

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा पर्व पखवाड़ा' के अन्तर्गत उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को दूदू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लदाना भोजपुरा, बीचून, मोखमपुरा, साली, गहलोता में अयोजित ग्रामीण सेवा शिविर शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गरीब कल्याण की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इन शिविरों के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं को लाभ मिलेगा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। इन शिविरों के माध्यम से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिलेगी और अंत्योदय की संकल्पना धरातल पर मूर्त रूप लेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक एवं पट्टे वितरीत किये। उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।




# धायक मनीष यादव बने राज्य OBC कांग्रेस सलाहकार परिषद के सदस्य

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने शाहपुरा के लोकप्रिय विधायक मनीष यादव को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 'राज्य OBC कांग्रेस सलाहकार परिषद' का सदस्य मनोनीत किया है। इस सलाहकार परिषद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, सचिन पायलट व गोविन्दसिंह डोटासरा समेत कुल 31 सदस्य शामिल किए गए हैं।



# वन राज्य मंत्री ने किया अलवर में करणी माता सड़क का मौका निरीक्षण

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर जिले कि करणी माता रोड स्थित क्षतिग्रस्त सड़क का मौका निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वन राज्य मंत्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि 22 सितम्बर से करणी माता मेला आयोजित होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं का आवागमन रहता है। अतः श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए श्रृद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए तथा मेले से आयोजन से पूर्व सड़क की मरम्मत कर उसे चालू करने का प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़क मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि श्रृद्धालुओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।



# पूर्व मुख्यमंत्री ने किया मेज़र दलपत सिंह बलिदान दिवस का पोस्टर विमोचन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। रावणा राजपूत समाज जयपुर द्वारा मेज़र दलपत सिंह शेखावत रावणा राजपूत के 107वे बलिदान दिवस 23 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान ने किया। गहलोत ने इजरायल में मेज़र दलपत सिंह शेखावत के शोर्य गाथा का जिक्र करते हुए सभी पदाधिकारियों को समाज हित में सक्रिय भूमिका व योगदान करने को सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर नन्द सिंह राजावत संरक्षक, दिलीप सिंह राजावत अध्यक्ष, भंवर सिंह शेखावत लिसाड़ीया , अभयसिंह चौहान उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह चौहान संयोजक, विक्रम सिंह पंवार महासचिव, रूप सिंह गौड़ कोषाध्यक्ष, सम्पत सिंह चांदावत, राजू राजावत पारली नरेन्द्र सिंह हाड़ा बन्टी, भवानी सिंह राजावत सचिव, कपिल सिंह भाटी, कुलदीप सिंह पंवार, मानसिंह गोड़, भुपेंद्र सिंह हाड़ा उपस्थित रहे।




# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने हासिल की विश्व पटल पर नई सशक्त पहचान- रावत

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को पुष्कर सरोवर की पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ और सुखमय जीवन की मंगलकामनाएँ कीं।

इस अवसर पर रावत ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के सशक्त मार्गदर्शन में भारत ने विश्व पटल पर नई सशक्त पहचान स्थापित की है और हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज भारत की आवाज़ को विश्व स्तर पर गंभीरता और सम्मान के साथ सुना जाता है यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

**जनकल्याण और राष्ट्र उन्नति का प्रतीक—**

पुष्कर सरोवर पर किया गया यह दुग्धाभिषेक केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनकल्याण और राष्ट्र उन्नति का संकल्प भी है। इस दौरान मंत्री रावत ने क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया और युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री जी के हरित भारत और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहभागी बनें।

# श्रीकृष्ण विद्या मंदिर के सिद्धार्थ यादव ने साइकिलिंग में मचाया धमाल

## -जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के श्रीकृष्ण विद्या मंदिर के छात्र सिद्धार्थ यादव (पुत्र कालूराम यादव – जेलर, निवासी नवलपुरा) ने 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मनोहरपुर का नाम रोशन किया।

इस दौरान सिद्धार्थ ने 500 मीटर रेस में गोल्ड मेडल तथा 10–15 किलोमीटर व 5–7 किलोमीटर रेस में सिल्वर मेडल अपने नाम किए। खास बात यह है कि पिछली प्रतियोगिता में भी उन्होंने तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया था।

इस दौरान विद्यालय निदेशक डॉ. राजेंद्र यादव ने कहा "हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सिद्धार्थ ने मेहनत और अनुशासन से यह साबित किया है कि हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। पूरे विद्यालय परिवार को उन पर गर्व है।"

वही छात्र के पिता कालूराम यादव (जेलर) ने खुशी जाहिर करते हुए कहा – "श्रीकृष्ण विद्या मंदिर विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल और संस्कारों में भी आगे बढ़ाता है। सिद्धार्थ की इस सफलता में विद्यालय परिवार और शिक्षकों का अहम योगदान है।" सिद्धार्थ की इस सफलता में एसएमएस स्टेडियम, जयपुर के कोच गणेश राम सैनी का विशेष मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने उन्हें लगातार प्रशिक्षण देकर इस मुकाम तक पहुँचाया। सिद्धार्थ की उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे मनोहरपुर का मान बढ़ा है।



# जेके लोन अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक एवं वेस्कुलर सर्जरी इकाई प्रारंभ

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को आरयूएचएस अस्पताल परिसर में आयोजित स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ समारोह में जेके लोन अस्पताल में नवनिर्मित कार्डियोथोरेसिक एवं वेस्कुलर सर्जरी इकाई का लोकार्पण किया। समारोह के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जेके लोन अस्पताल पहुंचकर इस इकाई का अवलोकन किया। खींवसर ने कहा कि बच्चों को हृदय रोग से सम्बंधित उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में जेके लोन अस्पताल में प्रदेश की पहली पीडियाट्रिक कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) इकाई प्रारंभ की गई है। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जन्मजात एवं अर्जित हृदय रोगों से पीड़ित बच्चों के लिए यह इकाई एक जीवनदायिनी पहल सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह इकाई प्रदेश के बच्चों के स्वस्थ भविष्य और उनके सपनों की सुरक्षा का आधार बनेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस इकाई की स्थापना की गई है। करीब 20 करोड़ रूपए से निर्मित यह इकाई अत्याधुनिक उपकरणों के साथ टर्नकी आधार पर विकसित की गई है। बाल हृदय रोगियों की देखभाल और उपचार हेतु समर्पित इस अत्याधुनिक यूनिट में एक कैथ लैब एवं एक ऑपरेशन थियेटर स्थापित है। कुल 80 बैड की क्षमता वाली इस इकाई में 5 बेड की हाई डिपेंडेंसी यूनिट, 10 बेड की इंटेंसिव केयर यूनिट एवं अतिरिक्त 65 बेड के प्री-फैब्रिकेटेड वार्ड शामिल हैं। इससे हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए अब प्रदेशवासियों को अन्य राज्यों या दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि राज्य सरकार विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, जिससे यह इकाई राजस्थान में तृतीयक स्तर की बाल हृदय चिकित्सा को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही, यह भविष्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी विकसित होगी।




# भूमि विवाद का हुआ स्थायी समाधान – ग्रामीण सेवा शिविर बना संबल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर जयपुर जिले में आयोजित हो रहे ग्रामीण सेवा शिविर 2025 आमजन की बरसों पुरानी समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहा है। बुधवार को धोबलाई में आयोजित शिविर में महादेव, कालू, सीताराम, शंकर, मनमोहर देवी, राजकुमार, करुंवीलाल, रामसमुख आदि परिवारों ने बताया कि उनकी पैतृक भूमि खाता-बही में दर्ज तो थी, लेकिन नामांतरण एवं बंटवारे के अभाव में पिछले 7–8 वर्षों से आपसी विवाद व अदालती झंझट झेलना पड़ रहा था। इस कारण परिवार में तनाव, आपसी अविश्वास और खेती-किसानी पर भी नकारात्मक असर हो रहा था। शिविर में पहुंचे उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर सभी खातेदारों की सहमति से भूमि का बंटवारा किया और नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की। शिविर में ही प्रमाण पत्र जारी होने से सभी परिवारों के चेहरों पर संतोष और खुशी झलक उठी। शिविर में मौजूद परिवारों ने कहा आज तक हम वर्षों से राजस्व विभाग के चक्कर काटते रहे, लेकिन समाधान नहीं मिला। इस शिविर में हमारी समस्या का निवारण तुरंत हो गया। अब हमारे परिवार शांति से रह सकेंगे और खेती-किसानी बिना विवाद के कर पाएंगे। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर केवल कागजी कार्यक्रम नहीं बल्कि आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने वाला जनकल्याणकारी अभियान है।




# मनोहरपुर में शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 तक शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मनोहरपुर नगर पालिका में शिविर का शुभारंभ हुआ। ईओ हरि नारायण यादव ने बताया कि शिविर में 9 जन्म मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र, 1बिजली एनओसी,4 कृषि भूमि नियमाकन, 1पट्टा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों का निस्तारण किया गया। प्रथम दिन शिविर में चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेदिक विभाग द्वारा कुल 426 लाभार्थियों को स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।




## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | | पानी के लिए | |
|---|---|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/ 108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# डोलमेला: मासूमों ने दी हैरतअंगेज प्रस्तुति

## -देशप्रेम और मेलोड़ी गीतो पर झूमें दर्शक

बारां (रॉयल पत्रिका)। डोल मेला रंग मंच पर मंगलवार की रात न्यू स्टार इवेन्ट चितौड़गढ़ की शानदान प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम मे भीड़ डटी रही। मासूम बच्चों के रोमांचित कर देने वाली प्रस्तुति को भी दर्शकों ने खूब सराहा।

गणेश वंदना के बाद राजस्थान फेम गायक कलाकार समीर लाड़ला ने अपने बेहतरीन अंदाज में कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होने भजनों और देश भक्ति के गीतों की झड़ी लगाकर दर्शकों में जोश भर दिया। सेवा में थारे म्हाने आज बिछ जाणों है... संदेशे आते है, हमें तड़फाते है..., उड़जा काले कावा.... ये देश है वीर जवानों का.... तेरी मिट्टी में मिल जावां... आदि नॉन स्टॉप हिट्स पर उन्होनें दर्शकों की खूब तालिया बटोरी। एंकर पवन कुमार ने भी पूरी ऊर्जा के साथ मंच संचालन किया। सबसे आकर्षण का केन्द्र रहा मासूम बच्चों का हैरतअंगेज कार्यक्रम। रतलाम से आये जवाहर व्यायाम शाला के मासूम बच्चों ने बड़े ही संतुलन के साथ मलखम की प्रस्तुति दी। शारीरिक व्यायाम का यह अनूठा कार्यक्रम दर्शकों ने पिनड्रोप सायलेंस होकर देखा। इसके अतिरिक्त आरबीएन ग्रुप, एफथ्री ग्रुप और इंडिया गॉड टेलेंट ग्रुप मुम्बई के कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। रूमी, रानू मोहिनी, रिया आदि ने सपना चैधरी फेम बन्दक चलगी रे... के साथ कई नई फिल्मो और मेलोड़ी गीतों पर शानदार चित्रहार पेश कर श्रोताओं को मोहित किया। सधेसधाये कार्यक्रम की प्रस्तुति इतनी बेहतर थी कि महिलाओं की अपार भीड़ सहित श्रोता देररात तक पांडाल में बैठे रहे।




कठिन अभ्यास का सफल नतीजा एक मुलाकात में मासूम कलाकारों के कोच अर्जुन सिसोदिया ने बताया कि मूलतः मलखम प्राचीन भारत की प्रथा है। अब यह लुप्त प्रायः हो चुकी है। कुछ ही अच्छे अखाड़ों में इसका प्रशिषण दिया जाता है। उन्होने बताया कि कई टीवी चैनल्स समेत प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भी जवाहर व्यायाम शाला के यह मासूम कलाकार अपना जलवा दिखा चुके है।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी कलाकारों समेत मंच पर आए अतिथि सतीश नामा, जयशंकर गोयल, जीतू मीणा, प्रभूदयाल मीणा, सतीश कुमार, अजय नागर, रानू सुमन, रवि नागर, संजय जांगीड़ शिवराज सिंह, नेमी पांचाल, मनोज तिवारी, धर्मवीर सरदार, शिवधाम मीणा, विजय बहादुर सिंह, लक्ष्मीचन्द नागर, राजू शर्मा, राजकुमार सोनी, नेमीचन्द विजय, हेमन्त शर्मा, सुरेश पीटीआई, यशवंत माथोड़िया, कपिल माथोडिया, बालकिशन सोनी आदि का उपसभापति नरेश गोयल, सभापति प्रतिनिधि लव पारस, मेला अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरूषोत्तम नागर, प्रदीप विजयवर्गीय, यशवंत अर्जुन, प्रशान्त भारद्वाज, नरेन्द्र बैरवा, अक्षय भूमलिया ने माल्यार्पण साफाबन्दी और स्मृति चिंह देकर स्वागत किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा के रक्तदान शिविर में 111 यूनिट हुआ रक्तदान

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सामान्य चिकित्सालय में भाजपा के पांचों मंडलों का संयुक्त रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्तदान हुआ, शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा उपस्थित रहे, शिविर की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की, विशिष्ट स्थिति के रूप में जिला महामंत्री एवं रक्तदान शिविर के जिला प्रभारी जगदीश अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैमिनी, पीएमओ डॉ. तेजराम मीणा एवं उप नियंत्रक डॉ. अंजनी मथुरिया, डॉ. सत्यनारायण अग्रवाल उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने मोदी के जन्मदिन पर 33वीं बार रक्तदान किया। सेवा पखवाड़े के तहत आलनपुर स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा एवं गुड खिलाकर पूजन कर भारतीय संस्कृति और गौ सेवा की परम्परा को आगे बढ़ाया। भाजपा नेत्री मेहनाज पटेल ने भी 13वीं बार रक्तदान किया व पटेल ने अपनी टीम के कार्यकर्ताओं ओर प्रशंसकों द्वारा 15यूनिट रक्त दिया।



इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग लाल जाट, सुरेश जैन, डॉ. भरत लाल मथुरिया, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़,उदय सिंह गुर्जर, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, जिला मंत्री हरफूल मरमट, मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, कपिल जैन, अशोक राज मीणा, मनीष जैन, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक मीणा, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल, मुकेश शर्मा रघुनाथ वैष्णव, पार्षद जिनेंद्र शर्मा, नीरज अकेला, चंचल सेनी, हनुमान माली, नीलकमल जैन, सुधीर शर्मा, ओम प्रकाश बम्बू, शुभम भारद्वाज, हरिचरण सिंह, नवल सैनी,मनीष शर्मा, इमरान, दीपनारायण, हरीबाबू, रामकिशोर सेनी, अनिल बंसल, मनोज सिंधव, मीठालाल प्रजापत, दिल खुश सैनी, बलराम सेनी, संतोष मथुरिया, कृष्णा गुप्ता, सावित्री शर्मा, मीरा मीणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समग्र शिक्षा के तत्वाधान में दो दिवसीय जीएलएन आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला द्वित्तीय का आयोजन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर समग्र शिक्षा के तत्वावधान में कलस्टर विद्यालय गोपी राम गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू द्वारा दो दिवसीय कक्षा 1 से 5 तक परूढाने वाले विषयाध्यापकों का FLN आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला (द्वितीय) का आयोजन खेमका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चूरु में 16 सितम्बर से 17 सितम्बर 2025 तक किया गया । कार्यशाला के प्रथम दिवस संभागियों को संबोधित करते हुए AC-BEO(प्रथम) सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों को एफ एल एन आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला में ट्रेनिंग देने के पीछे मंशा ये है कि विद्यालय में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके और आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हो सके ताकि कक्षा 3 के पश्चात आगे की कक्षाओं में विद्यार्थियों को उन कक्षाओं की दक्षताओं को प्राप्त करने में कठिनाई नहीं हो। कलस्टर स्तरीय FLN प्रशिक्षण कार्यशाला प्रभारी प्रतापसिंह नाथावत ने इस दो दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा, उद्देश्य, मौखिक पठन प्रवाह का शिक्षण में उपादेयता तथा कार्यशाला आयोजन के सन्दर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी और उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संभागियों के साथ आपसी संवाद, विचार-विमर्श तथा चिंतन-मनन किया। खेमका राउप्रावि. के प्रधानाध्यापक रूपसिंह निर्बाण ने FLN आधारित कार्यशाला में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में अपने विद्यालय में किये गये नवाचारों पर विचार व्यक्त किये। इस दो दिवसीय FLN आधारित कार्यशाला में प्राथमिक कक्षाओं के कुल 57 शिक्षकों ने भाग लिया। संदर्भ व्यक्ति हेमन्त भारद्वाज ने संभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत कार्यक्रम, FLN के उद्देश्य, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम और प्रखर राजस्थान 2.0 अंतर्गत मौखिक पठन प्रवाह (O R F) कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी ABL किट, कला किट, खेल विधि,कहानी, कविता, बाल गीत आदि के द्वारा जल्दी सीखते हैं अतः विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को सुधारने में इनका उपयोग किया जाए ताकि रुचिकर, आनंददायी एवं भयमुक्त वातावरण में बच्चे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर सके, प्रत्येक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करने के लिए उनकी प्रगति का संधारण पोर्टफोलियो में रखा जाए इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी चर्चा के माध्यम से दी गई। पाठ्यक्रमणीय उद्देश्यों में संज्ञानात्मक, भावात्मक और मनो गत्यात्मक क्षेत्र के विकास को शिक्षाविद ब्लूम की थ्योरी के संदर्भ समझाया गया ताकि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके साथ ही विद्यार्थियों में सामाजिक और नैतिक गुणों का विकास भी हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप हो इस पर भी शिक्षकों से चर्चा की गई। द्वितीय दिवस कार्यशाला के समापन अवसर पर संभागियों को संबोधित करते हुए क्लस्टर विद्यालय गोपीराम गोयनका रा. उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू के यूसीईईओ एवं प्राचार्य ओमप्रकाश फ़गेड़िया ने कहा कि FLN आधारित इस प्रशिक्षण कार्यशाला मैं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से संबंधित जो भी नवाचार सीखने को मिले हैं उनको विद्यालय में लागू करें और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित हो रहे प्रशिक्षण कार्यशालाओं के महत्व को समझें ताकि हिंदी, पर्यावरण, अंग्रेजी और गणित के विषय शिक्षक प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार कर सकें इसके लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। प्रखर राजस्थान 2.0 अंतर्गत मौखिक पठन प्रवाह (O R F) कार्यक्रम को भी गंभीरता से लेने की बात कही ताकि विद्यार्थियों में पठन कौशल विकसित हो सके और विद्यार्थी धारा प्रवाह हिन्दी में पाठ को पढ़ सके । प्रशिक्षण में चूरू एवं रतननगर के शहरी विद्यालयों के शिक्षकों ने कुल 57 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। शीशराम माहिच, मंजू कुल्हरि, भवानीसिंह, विनोद शर्मा ,लक्ष्मी शर्मा ,वसीम अली,मंगल चंद सैनी सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने अपने- अपने विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में किये गये नवाचारों के बारें में जानकारी दी।



# रक्तदान कर मनाया भाजपाईयों ने पीएम मोदी का जन्मदिन

## -भाजपा सेवा पख़वाडे के तहत हुआ रक्तदान शिविर

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका) । पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बारां भाजपाईयों ने जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार की अगुवाई में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों ने विधायक राधेश्याम बैरवा व ललित मीणा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर व नंदलाल सुमन, संजीव भारद्वाज, ब्रह्मनंद शर्मा, हरगोविंद जैन, सेवा पखवाड़ा सह संयोजक मुकेश केरवालिया, प्रधान मोरपाल सुमन, राजेश हाड़ाँ गोविंद सिंह चौहान, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, शहर अध्यक्ष ओपी पारेता, देवेंद्र शर्मा, रोहित नागर दिलीप शाक्यवाल पुनीत माहेश्वरी आदि नेताओ की मौजूदगी मे शहीद राजमल मीणा जिला अस्पताल के शिशु वार्ड मे रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया।



भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा प्रारंभ कर सेवा कार्य शुरू किए, जिसके तहत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मजयन्ती तक सेवा कार्य जारी रहेंगे। प्रथम दिवस जिला अस्पताल मे स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ आगामी दिनों मे सभी बीस मंडलों पर शिविर लगाएंगे और सेवा कार्य किय जायेंगे शिशु वार्ड मे सम्पन्न हुए रक्तदान शिविर मे कुल 110 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर मे वरिष्ठ नेता रामस्वरूप यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गालव, निर्मल माथोडिया, प्रदीप मेरौठा, प्रशांत विजय, ओम सुमन, देहात अध्यक्ष अमरदीप केदाहेड़ी, निरजंन शर्मा, जगदीश मेघवाल, महावीर नामा, रामलाल मेहता, लोकेश शर्मा, सीमा शर्मा, जय प्रकाश सुमन, पवन गन्दोलिया, पवन चौधरी, योगेश गौतम मांगरोल, जितेंद्र शर्मा, रोहित नायक, हंसू गुर्जर, मनोज प्रजापति,धीरेंद्र नागर, विक्रम यादव, हरिओम बंजारा, मुकेश गौतम, कौशल नागर, निशांत तिवारी, मनीष गौतम, मनीष धाकड़, सत्यनारायण गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश सारश्वत, रमेशचंद्र नागर सत्यनारायण नागर, चोथमल नागर, मनोज शर्मा, हरिओम सुमन, भगवती बैरवा, वंश प्रताप, बृजेश यदुवंशी, ऋषिपाल सिंह, जसवंत मीणा, रमेश मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती महापर्व को लेकर खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू

बारां (रॉयल पत्रिका)। महाराजा अग्रसेन जयंती महापर्व का शुभारंभ पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से शुरू हुआ। प्रथम दिन बच्चों युवाओं ओर महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वैष्णव पंचायत के बैनर तले 7 दिन का कार्यक्रम खेलकूद सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं बहुत सारी प्रतियोगिताओं का इसमें आयोजन किया जाएगा। वैष्णव पंचायत के अध्यक्ष अशोक बंसल, राधेश्याम गर्ग, संस्था धर्मशाला के अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, वैष्णव पंचायत के ऊर्जावान राजेंद्र मित्तल, संजय गोयल, सह मंत्री सुनील अग्रवाल, पियूष गर्ग, पियूष बंसल, पियूष मंगल, रितेश गोयल, जागृति मंडल की मेना बंसल व महामंत्री उर्मिला बंसल ने मिलकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करके व अग्रसेन महाराज की आरती करके प्रारंभ किया गया। मंच संचालन नीतू गुप्ता द्वारा किया गया। जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत कर सभी को मंच पर बुलाया और



महाराजा अग्रसेन के बारे में कुछ शब्द बोले। सभी का रोली तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर के स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष अनीता जैन व उषा निरंजन गोयल ने बताया कि चलो प्रकृति की ओर प्रथम स्थानचारवी गोयल द्वितीय स्थान आयुष अग्रवाल तृतीय स्थान दृष्टी गोयल ने प्राप्त किया। रस्सी कूद में प्रथम स्थान भविष्य अग्रवाल द्वितीय स्थान मिस्टी अग्रवाल तृतीय स्थान श्रीजा गोयल ने प्राप्त किया। मेडक दौड़ में प्रथम स्थान धुर्वे बंसल द्वितीय स्थान भीईशान्य गुप्ता व जीविका जैन तृतीय स्थान पर रप चवही किस्सा गोत्रों का में प्रथम स्थान राधा गुप्ता व द्वितीय स्थान पारक्शी बंसल ने प्राप्त किया। सभी प्रोग्राम में जज की भूमिका मंजू गोयल सुनील अग्रवाल ममता गोयंनका, ममता गोयनका, मीना मंगल, सविता गोयल ने निभाई। गणेश वंदना व स्वागत गान की शानदार प्रस्तुति दी। नीतू गर्ग, दीप्ति अग्रवाल, अंजना गोयल, मनीष जिंदल व ज्योति गोयल द्वारा दी गई। मंजू आनंद ने सभी अतिथियों के सत्कार में सहयोग प्रदान किया। कोषाध्यक्ष अनीता जैन, भूषण निरंजन कॉलेज ने बच्चों को पारितोषिक वितरण करने में पूरा सहयोग किया। इस अवसर पर संगठन की सभी सदस्य वह अग्रवाल समाज के सभी बच्चों महिलाएं उपस्थित रही। अंत में मैंना बंसल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और 21 सितंबर तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने की सबको आहवान किया।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सरवरी युवा फांऊडेशन द्वारा आयोजित


## -1500 वां ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष में, 53 युनिट किया रक्तदान

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। सरवरी युवा फांऊडेशन एण्ड एज्यूकेशन ट्रस्ट द्वारा 1500 वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी के महापर्व पर विशाल रक्तदान शिविर दस्तगीर मुस्लिम मुसाफिर खाना में आयोजित किया गया। इस शिविर में हिन्द-मुस्लिम सभी भाईयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 53 यूनिट बल्ड डोनेट किया गया। इस महापर्व पर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि रक्तदान से कई जिन्दगीया बचाई जा सकती है। उन्होनें लोगों से रक्तदान के प्रति जागरूक होने की अपील की। एडवोकेट ईब्राहीमशाह जुनेजा ने बताया कि आज भी लोगों में रक्तदान करने से डर मेहसूस करते है उन लोगों और युवाओं से अपील की रक्तदान करने से खुद के स्वस्थ में भी सुधार होता है और दूसरों की जिन्दगी भी बचाई जाती है। इसलिए बढ़-चढ़कर रक्तदान करे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उदेश्य रक्त की कमी को दुर करना और लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करना। इस दौरान डॉ. भूपेन्द्र विश्नोई, युवा कांग्रेस नेता गौरव सारण, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरीश सीलु, सेवादल जिलाध्यक्ष महेन्द्र माली, जयकिशन सारण बीदाणी, अर्जुन देवासी, डॉ. नरसीराम देवासी, नगरपालिका पार्षद बीरबल पूनिया, सुखराम खोखर, दलपतसिंह रणोदर, पी.सी. पूनिया, सुरेश देवासी, केसाराम, रहीम खॉन, डॉक्टर रोशन खॉन, सरवरी युवा फांऊडेशन के अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष मिश्रीशाह जुनेजा, जिलाध्यक्ष मेहबुबशाह, पार्षद अमीत खॉन कोटवाल, डॉक्टर अब्दुल हमीद, गुल मोहम्मद खॉन राजड़, हनीफ खॉन, रसुल खॉन, शौकत खॉन, कुर्बान अली समेजा हॉटल, नसीबशाह, महेश खत्री सहीत शिविर में तमाम समाज सेवी, गणमान्य लोग और समाज के रक्तवीर मौजूद थे।



# गीतांजली हॉस्पिटल के डॉ. दिलीप जैन को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिलीप जैन को प्रतिष्ठित सोसाइटी फॉर कार्डियोवास्कुलर एंजियोग्राफी एंड इंटरवेंशन्स (SCAI), अमेरिका की फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। डॉ. जैन को यह सम्मान हृदय रोगों की एंजियोग्राफी एवं इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। जून 2025 में उन्हें आधिकारिक रूप से Fellow of SCAI घोषित किया गया। उदयपुर और पूरे मेवाड़ क्षेत्र के लिए




गौरव का विषय है। इस उपलब्धि से यहां की हृदय चिकित्सा सेवाओं को और अधिक पहचान मिलेगी।

# जिला स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न



बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रमुख उर्मिला जैन 'भाया' की अध्यक्षता में दिनांक 17.09.2025 को दोपहर 03:00 बजे जिला परिषद, बारां में जिला स्थापना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बारां, उपखण्ड अधिकारी, बारां एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), बारां उपस्थित रहे। बैठक में अध्यापक भर्ती 2022 अन्तर्गत 02 अध्यापकों के नियुक्ति/पदस्थापन एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा बारां से प्राप्त 01 अध्यापक के स्थाईकरण का अनुमोदन किया गया।

# सीएम भजनलाल के दोरे को लेकर भाजपा की तेयारी बैठक



बारां (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दोरे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने विधायक राधेश्याम बैरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर व नंदलाल सुमन वरिष्ठ नेता यशभानु जैन, प्रेमनारायण सोनी संजीव भारद्वाज, भाजपा नेता ब्रह्मनंद शर्मा, राकेश जैन, प्रधान मोरपाल सुमन, शहर अध्यक्ष ओपी पारेता आदि नेताओ की मौजूदगी मे भाजपा जिला पदाधिकारी व प्रमुख भाजपा नेताओ व कार्यकर्ताओं से तेयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रथम बार अर्णपूर्णा नगरी बारां मे पधारेंगे इस हेतु जिलाध्यक्ष सिकरवार ने सभी भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों से आह्वान किया की मुख्यमंत्री की सभा मे अधिक से अधिक संख्या मे आमजन व कार्यकर्ता शामिल हो इस हेतु सभी की जिम्मेदारीयां तय कर दी है बैठक मे जिला उपाध्यक्ष सारिका सिंह चौहान, सुरेंद्र गालव, भाजपा नेता जयेश गालव, मुकेश केरवालिया, प्रशांत विजय, ओम सुमन, मनीष लश्करी, राजेंद्र राठौर, लोकेश शर्मा, महावीर नामा, निरजंन शर्मा, मुकेश मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, राजेश हाडा, रोहित नागर, सुरेंद्र नागर, प्रमोद मीणा, पृथ्वीराज मीणा, मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप हाडा, मुकेश नागर, भूपेंद्र सुमन, हितेश वैष्णव, जितेंद्र गोयल, वीरेंद्र हाड़ाँ, जय प्रकाश सुमन, पवन गन्दोलिया, पुष्प दयाल मीणा, अंतुरानी शर्मा, चेतन बैरवा, निकलेश शर्मा, रोहित नायक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस नेता गौरव सारण ने लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर समस्याएं सुनी



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। क्षेत्र के नेहड़ में लगातार तीसरे दिन युवा कांग्रेस नेता गौरव सारण ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों की सुध ली। युवा कांग्रेस नेता द्वौरा लूणी नदी प्रवाह और अतिवृष्टि से प्रभावित सुथड़ी, सांकरीया, सुराचंद, डेडियावांगा, होतीगांव, शिवपूरा, सिलोसन सहित अनेक गावों का दौरा कर गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनेकी समस्याएं जानी। कई स्थानों पर मार्ग अवरूध होने के कारण ट्रक्टर व पैदल भी पानी में पहुंचकर लूणी नदी के प्रभावित गावों एवं लोगों तक पहुंचे। युवा नेता गौरव सारण ने बताया कि नेहड़ क्षेत्र में बाढ़ आने के बाद कई गावों का सम्पर्क उपखण्ड मुख्यालय से कट चुका है। ऐसे में उनको प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई सुविधाएं नही मिल पा रही है। लोगों को राशन सामग्री के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वही गौशाला की हालात भी दयनीय है उनके चारे की व्यवस्था भी नही हो रही है। नेहड़ क्षेत्र में बाढ़ के हालात में युवा नेता गौरव सारण हर संभव मदद को तैयार है। इस दौरान सरंपच छगन मेघवाल, पूर्व सरपंच सरूपाराम, ताराराम माली, अजयसिंह, किशनाराम, उका खॉन, सुलेमान खॉन, जलील खॉन, अलाउद्दीन खॉन, सुमार खॉन, हुसैन खॉन, सावलाराम माली, सरूपा राम, नानजीराम सहीत बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुस्लिम सिंधी समाज ने पंजाब पीड़ितो के लिए की सहायता राशि भेंट

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। सिंधी मुस्लिम समाज की ओर से आज मानवता की मिसाल पेश करते हुए पाली गुरुद्वारा साहिब में पंजाब पीड़ितों की मदद के लिए आर्थिक सहयोग राशि भेंट की गई। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि मुश्किल की घड़ी में इंसानियत और भाईचारे से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। समाज का मानना है कि पीड़ितों की मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है, ताकि उन्हें हिम्मत और सहारा मिल सके। पाली गुरुद्वारा समिति ने सिंधी मुस्लिम समाज का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह का आपसी सहयोग और एकता ही हमारे देश की असली ताक़त है। इस अवसर पर कई समाजसेवी और दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे और सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



# कांग्रेस का तीन दिवसीय संगठन सर्जन प्रशिक्षण अभियान

## -सांसद राहुल कस्वा ने झंडा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर दादा बाड़ी में तीन दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण अभियान के मुख्य अतिथि सांसद राहुल कसवा ने झंडा रोहण कर कार्यक्रम का सुभारंभ के साथ शुरू हुवे, चुरू जिला कांग्रेस सेवादल के सहयोगी प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सेवादल का इतिहास बलिदान और सेवा की परंमपरा से भरा हुआ है। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के महत्व पर जोर दिया, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया तथा युवा साथियों को संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कांग्रेस पार्टी का सैकड़ों वर्ष का गौरव साली इतिहास रहा हैं, जो व्यक्ति सेवा भावना से आगे बढ़ना चाहता है, उसके लिए इससे बढ़कर और कोई बेहतर प्लैट फॉर्म नहीं हैं ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चुरू के लोकप्रिय सांसद राहुल कस्वां रहे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन प्रमुख व अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडोलिया ने कहा कांग्रेस सेवादल लोकतंत्र व संविधान के रक्षक के भूमिका में रहीं है, सेवादल कांग्रेस पार्टी में अपना महत्वपूर्ण योगदान रखती हैं, हम चाहते है,पार्टी का कार्यकर्ता निष्ठा और सेवाभाव से कार्य कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान कर समाज में अपनी पहचान बनाए। मंडेलीया ने कहा पार्टी के नेताओं ने, इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की जिम्मेदारी मुझे सौंपी मैने इसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए निभाने का पूरा प्रयास किया है। वक्ताओं में तारानगर वरिष्ठ विधायक नरेन्द्र बूड़ानिया, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, चूरू जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पीसीसी महासचिव ललित तुनवाल, पीसीसी महासचिव, रामसिंह कसवा, पूर्व प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष, रेहाना रियाज़, प्रदेश सचिव रियाजत खान,पीसीसी सचिव विक्रम सिंह शेखावत, राजस्थान वक्फ़ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानूखान बुधवाली, प्रधान संजय कसवा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया तथा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता भीमराज जाखड़, राष्ट्रीय सेवादल प्रशिक्षण देता मधु गुरूंग, प्रदेश सेवादल राम भरोसे सैनी, प्रदेश महामंत्री विजय नागौरा, प्रदेश सेवादल सुभाष स्वामी, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय दीक्षित, चूरू जिला कांग्रेस अग्रिम संगठन प्रभारी जमील चौहान, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर धांधू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने बताया आयोजित हुई कार्यशाला में वन्देमातरम, पिटी परेड, झण्डा रोहन, झंडे की समस्त गतिविधिया, कांग्रेस इतिहास, सेवादल इतिहास, सेवादल गठन व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भूमिका, ओर सेवादल गीतों का मंचन किया गया ।

# शिविर का मतलब: एक ही छत के नीचे सभी समस्याओं का समाधान - प्रभारी सचिव

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी ने बुधवार को चौथ का बरवाड़ा में ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ देने और उनके शिकायत समाधान के लिए 17 अक्टूबर तक सेवा शिविर लगवाए हैं। बलरिया गांव में ग्रामीण सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिक-से-अधिक ग्रामीणों से इन शिविरों में भागीदारी करने का आह्वान किया। प्रभारी सचिव ने कहा कि इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच और दवाई, पोषण, फसल-बीज किट वितरण, बीमा और पशुओं से जुड़ी योजनाओं के लाभ, राजस्व तथा बिजली विभाग के आवेदन आदि सभी काम सम्पन्न होंगे। छोटी-छोटी शिकायतों और समाधान के लिए आपको जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े, इसके लिए ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ऐसे में सभी को बाकी काम छोड़कर यहाँ आकार इनका फायदा उठाना चाहिए।

बलरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान प्रभारी सचिव ने गोवर्धन मीना, रामावतार शर्मा, निरमा, किशन गोपाल, हरकेश सहित 14 लाभार्थियों को आवासीय भूमि पट्टे, घनश्याम सैनी, अर्जुन मीना, गुड् मीना को प्रतिकात्मक रूप से निक्षय पोषण किट, वहीं मानसिंह, बुद्धिप्रकाश सहित अन्य लाभार्थियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरित की। इस दौरान उन्होंने बलरिया में आयोजित शिविर स्थल पर पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात उन्होंने हर घर कचरा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

प्रभारी सचिव ने शिविरों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि वे आमजन से संवाद कर समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। इससे शिविरों के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। पृष्टी से स्वयं से इसका उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शिविर में एक वृद्ध महिला के पास बैठकर उसकी बात सुनी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनकी मांग को कागज पर लिखकर उनकी सहमति लें और त्वरित समाधान करें। उन्होंने बच्चों से उनके स्कूल तथा एक अन्य बुजुर्ग से पशुओं की बीमारी और दवा के बारे में बात की। सचिव ने पंचायत समिति की महिला प्रधान सम्पत पहड़िया से पंचायती राज संस्थाओं के कामकाज और बजट-भुगतान आदि पर भी चर्चा की।

**शहरी क्षेत्रों में फोकस पट्टा वितरण पर :-** पृष्टी ने सवाई माधोपुर में नगर परिषद क्षेत्र में गीता देवी अग्रवाल बालिका माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर में



शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शहरी क्षेत्र में आमजन की बुनियादी समस्याएं हैं। बीते दिनों जो अतिवृष्टि हुई, उसके कारण भी समस्याएं हुई हैं। दैनिक दिनचर्या की जिंदगी में साफ-सफाई से लेकर राशन, पानी-विदुत की आपूर्ति सभी प्रकार की समस्याओं के एक ही मंच पर समाधान के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश में शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ किया गया है।

प्रभारी सचिव ने बताया कि संपूर्ण राज्य में नगर निगम, नगर परिषद, यूआईटी, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में यह शिविर 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में मुख्य रूप से जिन लोगों के पट्टे नहीं बन पा रहे हैं, उनके पट्टे बनाए जाएंगे। जिनका लीज रेंट बकाया है, उनमें सरकार ने कई प्रकार की छूट दी है, उनका लाभ दिया जा रहा है। साथ ही, अन्य सुविधाओं और योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आवासीय पट्टे आदि कार्य किए जा रहे हैं।

**आपको पट्टा जरूर मिलेगा :-** डॉ. देबाशीष पृष्टी ने शहरी सेवा शिविर में आए एक बुजुर्ग से आवेदन लेते हुए उनसे पूछा कि उनकी क्या मांग है। जब वृद्ध ने कहा कि आवास का आवेदन, तो वह बुजुर्ग को पीएम आवास से संबंधित डेस्क तक स्वयं लेकर गए और कार्मिक से कहा इनकी आवेदन प्रक्रिया शुरू कीजिए। पृष्टी ने फिर पलटकर आवेदक से कहा, 'आपको आवास जरूर मिलेगा।'

शिविर में नगर परिषद से पट्टे जारी करवाने वालों के आवेदन काफी संख्या में आए। प्रभावी सचिव ने कहा कि पट्टे आवेदन का निस्तारण इस शिविर के प्रमुख। उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने डेस्क प्रभारी द्वारा तैयार आज के आवेदनों के डायरी में रिकॉर्ड संधारण की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें इस तरह से काम करना है।

# सेवा परखवाड़ा 2025 की शुरुआत रक्तदान शिविर से

## -प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को किया समर्पित



पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी रूप से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ जिले में सेवा और समर्पण की भावना के साथ हुआ। प्रथम दिवस, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शिवाजी मंडल पाली द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील जी भंडारी ने कहा कि "सेवा ही संगठन" के संकल्प को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ता निरंतर समाजहित में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को जनसेवा से जोड़ते हुए एक नई परंपरा स्थापित की है और इसी भावना से सेवा पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष जनकल्याणकारी गतिविधियों का प्रतीक बन चुका है। रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के उत्साहपूर्ण सहयोग से कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र बोहरा, जिला महामंत्री नारायण कुमावत, जिला कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबू, पूर्व पार्षद विकास बुबकिया, अशोक बापना, राहुल मेवाड़ा, चैन सिंह रावलवास, जब्बर सिंह खैरवा, मंडल महामंत्री दिनेश देवासी, मंडल उपाध्यक्ष ऋतिक दवे, महेन्द्र मालवीय, अभिषेक दुगड़, हुक्माराम जी कीर, भरत निम्बार्क, विजय परिहार, अरीहन्त कोठारी, चिक्कू सासी, कंचन प्रजापत, रेखा प्रजापत, विमला प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सेवा भावना से सहभागिता निभाई। सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत जिलेभर में विभिन्न सामाजिक और जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाली गतिविधियां शामिल रहेंगी।

# शहर चलो अभियान का पालिकाध्यक्ष निकिता गुर्जर ने किया शुभारम्भ



रतननगर (रॉयल पत्रिका)। रतन नगर कस्बे में बुधवार को 17 सितम्बर से लेकर आगामी 17 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में चलाये जा रहे शहर चलों अभियान के तहत रतननगर नगरपालिका में अभियान का शुभारम्भ नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनकर्ताओं को डमी चैक देकर किया। इस अवसर पर बोलते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा तथा उनके प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण भी शिविर के दौरान ही किया जायेगा। उन्होनें कहा कि इन शिविरों के माध्यम से जहां आम आदमी के आवश्यक सेवाओं के कार्य होंगे वहीं विकास को नई गति मिलेगी और अंत्योदय की संकल्पना धरातल पर मूर्त रूप लेगी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं के विभिन्न विभागों की स्टाले लगाई जाकर समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया तथा आवेदन भी प्राप्त किये गये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा श्रवण यंत्र का वितरण, 3 का पेंशन सत्यापन एवं 1 व्हील चेयर का आवेदन लिया गया। वहीं जलदाय विभाग द्वारा वार्ड नं. 5 में पुरानी लाईनों को बदलने, वार्ड 6 में पानी के साथ मिट्टी आने, ट्यूबवेल नं. 9 में लिकेज होने तथा वार्ड 3 में ऑपन वेल को बंद करने आदि के आवेदन आये। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 माह से 3 वर्ष तक के 6 बच्चों के फेस केप्चर, 1 दिव्यांग का सत्यापन किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा 30 रोगीयों को जांच कर निःशुल्क दवा दी गई एवं बीपी तथा शुगर की जांच की गई। शिविर के दौरान उपाध्यक्ष असगर खां, पार्षद ओमप्रकाश जांगिड़, विक्रम मीणा, लतीफ चुनगर, वीणा देवी, निर्मल सैन, संतोष परिहार, शिविर प्रभारी नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनोहर सिंह, शंकरलाल पूनियां, पीआरओ किशनलाल उपाध्याय, महिला एवं बाल विकास विभाग से कार्यकर्ता माया देवी एवं जन्नत बानो, समाज कल्याण विभाग से ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, छात्रावास अधिक्षक नरेश कुमार तथा आयुर्वेद विभाग से डॉ. अरविन्द कुमार दड़िया एवं पूनम रेवाड़, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से फोरमेन विक्रम सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहें।

# निजी स्वार्थ के कारण प्राणी तामसी वृतियों में प्रवेश कर जाता है- ब्रह्म राकेशानंद



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थानीय अग्रसेन नगर में चल रही श्रीशिव महापुराण के छठे दिन कथा वाचक श्रीएक ब्रह्म राकेशानंद ने कहा कि प्राणी के मन के अंदर विषय चिंतन से आसक्ति प्रबल होती है। जिससे एक कामना उत्पन्न होती है और वह पूर्ण न होने पर क्रोध की उत्पत्ति होती है। जिससे प्राणी का विवेक नष्ट हो जाता है। अविवेक शक्ति प्रबल होने से बुद्धि भ्रमित हो जाती है। जिसके कारण प्राणी श्रेष्ठ साधन से पतित हो जाता है। ब्रह्म राकेशानंद ने कहा कि प्राणी को अपने में कभी अहम की उत्पत्ति नहीं होने देनी चाहिए। अहम से स्वार्थ प्रबल हो जाता है और जीवन के अंदर शांत वृत्ति नष्ट हो जाती है। निजी स्वार्थ के कारण प्राणी तामसी वृतियों में प्रवेश कर जाता है। जिससे वह अधोगति को प्राप्त होता है। वह प्रभु नाम भक्ति से विमुख हो जाता है। जबकि कलयुग में नाना प्रकार के यज्ञों से भी जो फल प्राप्त होता है, वह फल प्रभु का नाम लेने से सहज ही प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस काली काल में प्रभु नाम भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। यद्यपि वह अज्ञानता के वशीभूत होकर प्रभु की आलोचना करता है। उसे आलोचना में भी प्रभु नाम विरोधी होने पर भी उसे सद्गति की प्राप्ति हो जाती है। संत एक बार प्रभु नाम लेना भूल सकता है जबकि विरोध करने वाले की जीभ पर प्रभु नाम बना ही रहता है। शिव पुराण में जिसने भी प्रभु का विरोध किया है, उसका भी प्रभु ने कल्याण किया है। गुरुवार को शिव पुराण कथा विश्राम व्यासजी पूजन का कार्यक्रम होगा। आज की आरती सौम्या कंवर, श्रीकृष्ण सारस्वत, सुशील भावसिंहका, पवन पुजारी, मांगीलाल शर्मा, निशांत शर्मा, सुशील जांगिड़ के साथ अन्य प्रबुद्धजनों के द्वारा की गई।

# ग्रामीण सेवा शिविर का जिलेभर में हुआ आगाज

## - मुख्यमंत्री की मंशानुसार आमजन को लाभान्वित करने के लिये प्रांरभ किये गये शिविर



पाली (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर गांवों के आमजन को लाभान्वित करने के लिये ग्रामीण सेवा शिविरों का आज जिले भर में आगाज हुआ। ये बुधवार से प्रारम्भ होकर 14 नवम्बर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रहे है। इन शिविरों में 16 विभागों से जुडे 49 कार्य हो रहे है। ये शिविर सप्ताह में तीन दिन गुरू, शुक्र व शनिवार को आयोजित होंगे।

**प्रभारी सचिव अग्रवाल ने किया सोजत में भैसाणा में व शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण**

ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर का वैकल्पिक रूप से नियुक्त प्रभारी सचिव अनिल कुमार अग्रवाल (आयुक्त, विभागीय जांच जयपुर) ने नगर निगम पाली में शहरी सेवा अभियान व नगरपालिका सोजतसिटी व ग्राम पंचायत भैसाणा में चल रहे शिविरों का बुधवार को निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिये। प्रभारी सचिव अग्रवाल ने सोजत में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारीयों व कर्मचारियों से शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देश दिये कि शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों का शिविर दिवस को ही निस्तारण किया जावे। नगरपालिका परिसर सोजत में चल रहे शिविर के दौरान प्रभारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित्तों को राशि आवंटन के बैंक जारी किए गए। ग्राम पंचायत भैराणा में चल रहे शिविर में स्वामित्व योजना के तहत 10 लाभार्थियों को मौके पर प्रोपटी पार्सल एवं पट्टे वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को बीगा पॉलिसी व रागाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत पीपीओ वितरित किए गए। शिविरों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए स्थापित दिव्यांग काउंटर व दिव्यांगजनों के लिए की गई सुविधाओं का निरीक्षण भी किया गया। प्रभारी अधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देश दिये कि वे शिविरों में अपने-अपने विभागों से संबंधित समस्त कार्यों का शिविर दिवस से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाना सुनिश्चित करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा आम नागरिकों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मासिंगराम व तहसीलदार , विकास अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

**गुरूवार को ग्रामीण सेवा शिविर यहां आयोजित होंगे**

18 सितम्बर को पाली की डिंगाई, गुदोज, रोहट के राणा व कुलथाना, सोजत की बिलावास, रूपावास, मारवाड़ जंक्शन के जाड़न व सिनला, देसूरी के दुदापुरा व देसूरी में, रानी के रानी कलां व वरकाणा, बाली के शिवतलाव, लाटाड़ा एवं सुमेरपुर के गलथनी व पोमावा में होगे।

# जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक रबी सीजन 2025-26 के लिए पर्याप्त उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करें

## -वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए - जिला कलक्टर



कोटा(रॉयल पत्रिका) । जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि रबी सीजन 2025-26 में किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी समय पर किसानों को उपलब्ध कराई जाए। उपलब्ध खाद जिले के किसानों को प्राथमिकता से उपलब्ध हो इसके लिए वितरण व्यवस्था की पूरी मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, वैकल्पिक उर्वरकों के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान में जिले में रबी-2025 में उर्वरकों की मांग एवं आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वैकल्पिक उर्वरकों को प्रोत्साहित करने के लिए डीलरों की दुकान के बाहर फ्लैक्स, बैनर आदि लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को बीज वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में जिस बीज की अधिक आवश्यकता हो वहां उसी बीज के मिनी किट वितरित किए जाएं। उन्होंने कहा कि बीज वितरण कब किया जाना है उसकी जानकारी भी किसानों को समय पर दी जाए। समारिया ने किसानों की जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में 302 कृषक गोष्ठियों का आयोजन कर 27 हजार से अधिक किसानों को डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरक के रूप में एसएसपी, एनपीके, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों के बाहर वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बैनर लगवाए गए हैं। उन्होंने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरकों के आवंटन, आपूर्ति, विक्रय एवं उपलब्धता के बारे में बताया। उन्होंने फसलवार बीज की मांग एवं उपलब्धता के बारे में भी जानकारी दी। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार ने बताया कि जिले में मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिए 12 हजार 444 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया है जिनमें से करीब 8 हजार का परीक्षण पूरा कर लिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में उप निदेशक उद्यान एनके मालव ने ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर, पोली हाउस, शेडनेट हाउस आदि की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाइटेक होर्टिकल्चर गतिविधियों के माध्यम से किसानों द्वारा अधिक आय प्राप्त की जा रही है।

बैठक में विभिन्न फर्टीलाइजर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने आने वाले समय में फर्टीलाइजर की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। कृषि आदान विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि जमीन की जमाबंदी की नकल एवं आधार कार्ड की प्रति लेने के बाद ही किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक दिए जाएं। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में उपलब्ध उर्वरक की आपूर्ति जिले से बाहर नहीं हो। बैठक में एडीएम सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला, सहायक निदेशक कृषि राजवीर सिंह, सहित कृषि, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, कृषि आदान विक्रेता एवं फर्टीलाइजर कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किए सेवा कार्य

## -सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होंगे विभिन्न सेवा कार्यक्रम



चौमूँ (रॉयल पत्रिका)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज चौमूँ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के मार्गदर्शन अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, फल वितरण चिकित्सा शिविर आदि सेवा के कार्य कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। नगर मंडल चौमूँ अध्यक्ष बाबूलाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिला अस्पताल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर फल वितरण किए गए। वृक्षारोपण किया गया। भाजपा देहात मंडल कालाडेरा अध्यक्ष लालचंद यादव के नेतृत्व में गोपाल गोशाला कानरपुरा में गायो को गुड़ और हरा चारा खिलाया गया और भाजपा देहात मंडल गोविन्दगढ़ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई दी।इस अवसर पर आमजन और समस्त कार्यकर्ताओं से अपील है कि "सेवा परमो धर्म" के ध्येय वाक्य के साथ। उन्होंने कहा कि आदरणीय मोदी जी ने निचले वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना सहित अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों का जीवन बदला है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व सरपंच बाबूलाल जडवाल, उपाध्यक्ष दिनेश कुमावत, उपाध्यक्ष शंभू सिंह, गजेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री कृष्णास्वामी सह संयोजक बाबूलाल पुजारी, पंस सुमन बुनकर, रमेश सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर कई जगह हुए रक्तदान शिविर

## -2600 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ



कोटा (रॉयल पत्रिका) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कोटा में 17 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए जिनमें करीब 2600 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जीएमए प्लाज़ा, गुमानपुरा में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। बुधवार को जीएमए प्लाजा, गोयल प्रोटीन प्रा. लि., सांघी धर्मशाला नयापुर, किसान भवन, अणुवृत, स्वर्ण मार्केट, एनसीएमएच के ब्लड सेंटर सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित रक्तदान शिविरों में लोगों ने रक्तदान किया। इन स्थानों पर न्यू मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पीटल, कोटा ब्लड बैंक, जे.के.लोन चिकित्सालय की टीमों तथा कुछ प्राईवेट ब्लड़ बैंकों द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने रक्त संग्रहण के लिए सरकारी ब्लड बैंको एवं निजी ब्लड बैंको द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

# मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियां प्रारम्भ



बारां (रॉयल पत्रिका) । प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 सितंबर को बारां की प्रस्तावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां प्रारम्भ कर दी है। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री के यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को मिनी सचिवालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान सभी विभागों के अधिकारी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों को पूरा करें। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपेड, बेरीकेटिंग, स्टेज, विद्त व्यवस्था, साउण्ड सिस्टम, सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, साफ सफाई, सड़क दुरुस्तीकरण सहित सभी आवश्यक कार्यों के संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में एडीएम दिवांशु शर्मा, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एडीएम शाहबाद जबर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व जिला कलक्टर तोमर ने कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता और बेहतर करने को कहा। उन्होंने कहा कि आयोजन की तैयारियों को तत्परता से पूरा किया जाए और इसमें किसी प्रकार की कोताही न रहे।



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

## लाइफ Style



# अनीत

## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर


हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें 'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लाक्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लाक्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।




## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

## टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।


# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले



लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।

### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोट्‌र्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी' में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी' बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

# टीम इंडिया का नया जर्सी प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ में लगाई बोली




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपोलो टायर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी प्रायोजक बनने का अधिकार हासिल कर लिया है। कंपनी ने 579 करोड़ रुपये की बोली लगाकर 3 दावेदारों की दौड़ में बाजी मारी। यह करार तीन वर्षों तक चलेगा, जिसमें 121 द्विपक्षीय मुकाबले और 21 आईसीसी मैच शामिल होंगे। इसने 544 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली कैनवा और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली जेके सीमेंट को पीछे छोड़ते हुए यह करार जीता।

## 4.77 करोड़ रुपये एक मैच के लिए मिलेंगे

इस करार के तहत प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये मिलेंगे, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मुकाबलों के मूल्य में अंतर होने के कारण इसमें थोड़ा बदलाव संभव है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आधार मूल्य द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये तय किया था। इस सौदे ने जर्सी स्पॉन्सरशिप का स्तर पहले से कहीं अधिक ऊंचा कर दिया है।



## इस सीरीज से नजर आएगा पर प्रायोजक का नाम

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी नए प्रायोजक के साथ 2 अक्टूबर से उतरेंगे। टीम उस समय वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी, जहां यह प्रायोजक नजर आएगा। हालांकि, इससे पहले ही अपोलो टायर्स का लोगो इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच खेले जाने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी दिखाई दे सकता है।

## इस कारण ड्रीम 11 ने छोड़ा था बीसीसीआई का साथ

दरअसल, ड्रीम-11 के हटने के कारण बीसीसीआई को नए प्रायोजक की जरूरत पड़ी थी। भारत सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेगुलेशन) अधिनियम 2025 लागू किया है, जिसके तहत रियल-मनी गेमिंग कंपनियों के कामकाज पर रोक लगा दी गई। इस कानून से ड्रीम-11 का कारोबार प्रभावित हुआ और उसने भारतीय टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप छोड़ दी। इसके बाद से ही बीसीसीआई भारतीय टीम के लिए नया प्रायोजक चुनने की प्रक्रिया में जुटा था।

## ड्रीम 11 के साथ था 3 साल का करार

बीसीसीआई ने ड्रीम 11 को 3 वर्ष के करार और 358 करोड़ रुपये के साथ मुख्य जर्सी प्रायोजक घोषित किया गया था। अब कंपनी भी उन प्रायोजकों की सूची में शामिल है, जिन्होंने वित्तीय या कानूनी कारणों से बीच में हाथ खींच लिया। सहारा (2001-2013) पर सेबी उल्लंघन के आरोप लगे, स्टार इंडिया (2014-2017) प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में फंसी, ओप्पो (2017-2020) ने लागत बढ़ने पर हटने का फैसला किया और बायजूस ने बकाया विवाद के चलते करार तोड़ा।

## खबर संक्षेप



### सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती, शेट्टी हारे

**शेनझेन (चीन)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। युवा आयुष शेट्टी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 68 मिनट में 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं: वैशाली

**समरकंद।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के



बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बाद वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय बनीं। वैशाली ने कहा, ''पिछले दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ।

### स्टेसी एचआईएल टीम कलिंगा लांसर्स के कोच नियुक्त



**भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। वह एचआईएल के 2016 और 2017 सत्र में मुंबई फ्रेंचाइजी के भी कोच थे।

### बुडापेस्ट-2023 में नीरज ने जीता था स्वर्ण पदक

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह आज उतरेंगे खिताब का बचाव करने

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा आज बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।

### इन खिलाड़ियों ने जीता दो बार स्वर्ण पदक

चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।




### चोपड़ा का सामना कल पाक के नदीम से

चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

### यह भारत के लिए होगी ऐतिहासिक प्रतियोगिता

यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया।

### चोपड़ा और नदीम दोनों अलग-अलग ग्रुप में

चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और उभरते हुए श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं। जो खिलाड़ी 84.50 मीटर की दूरी तक पहुंचेंगे या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।

### एशिया कप 2025

# पाक मुकाबला आज यूएई से एक चूक से हो जाएगा बाहर



एजेंसी ▶▶| दुबई

अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को आज बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है।

### यूएई के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

पाकिस्तान और यूएई के बीच अब तक 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इन दोनों मुकाबलों को पाकिस्तान ने अपने नाम किया है। यूएई की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। आखिरी बार दोनों टीमों की भिड़ंत 4 सितंबर 2025 को हुई थी। उस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 171/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में यूएई 140/7 का स्कोर ही बना पाई थी। वह मुकाबला 31 रन से हारे थे।

### विश्व चैंपियनशिप

# स्वर्ण के बाद जैसमीन व मीनाक्षी की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में तीन साल से भी कम समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब वह अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलों के महाकुंभ की तैयारी के लिए करेंगी।

जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर पदक के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया। जैसमीन साथी स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी हुड्डा, निकहत जरीन और नूपुर श्योराण सहित टीम की अन्य साथियों सहित यहां पहुंचीं। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विदेशी धरती पर विश्व चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### मेरे कोच ने मेरी बहुत मदद की : जैसमीन

विश्व चैंपियनशिप में तीसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाली 24 वर्षीय जैसमीन ने कहा, ''यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। अब मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग ओलंपिक के अनुसार करेंगे।''जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने लॉस एंजिलिस में उनके पदक जीतने का भरोसा जताया।

### जीतना है विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक : मीनाक्षी

विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली मीनाक्षी ने कहा विश्व कप नवंबर में भारत में होगा और मैं वहां भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती हूं। हार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।'' उन्होंने कहा, ''जीतने के बाद आप कुछ दिनों के लिए खुश रहते हैं लेकिन हार से बहुत कुछ सीखते हैं।



# आईसीसी पाकिस्तान को दिया झटका, मैच रैफरी को हटाने से किया इनकार

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करारा झटका दिया है। आईसीसी ने एशिया कप से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पीसीबी की मांग को खारिज कर दिया है। आईसीसी ने मामले की जांच के बाद पीसीबी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है। दरअसल, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक सहित एशियन क्रिकेट काउंसिल के कुछ अधिकारियों को पहले से पता था कि दोनों कप्तानों में हाथ मिलाने की कोई संभावना नहीं है।

### पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने की थी मांग

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को आईसीसी से भारत-पाकिस्तान मैच में नियुक्त मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट को एशिया कप के शेष मुकाबलों से हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने टॉस के समय दोनों कप्तानों से पारंपरिक रूप से हाथ न मिलाने का अनुरोध करते हुए आचार संहिता और एमसीसी के क्रिकेट की भावना से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, आईसीसी ने जांच के बाद अब इस मांग को खारिज कर दिया है।

# आनंदकुमार ने रचा इतिहास, पहली बार भारत को स्पीड स्केटिंग में दिलाया स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस खेल में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 वर्षीय वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट रेस 1:24.924 मिनट समय में पूरी कर स्वर्ण हासिल किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता था, जो भारत का सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक था। स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर्नामेंट चीन में खेला जा रहा है।



### कंप्यूटर साइंस की कर रहे पढ़ाई

तमिलनाडु के रहने वाले वेलकुमार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कर रहे हैं। उनकी बड़ी बहन सुबी सुवेथा वेलकुमार भी भारतीय स्केटर हैं। वेलकुमार ने साल 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 15 किलोमीटर प्रतियोगीता में रजत पदक जीतकर किसी भी विश्व चैंपियनशिप में भारत को पहला पदक दिलाने वाले खिलाड़ी भी बने थे। 2 अक्टूबर, 2023 को हुए एशियाई खेलों में वह 3,000 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहे, जिसने कांस्य पदक जीता था।

### 6 साल की उम्र से कर रहे स्केटिंग

वेलकुमार ने मात्र 6 साल की उम्र में रोलर स्केटिंग शुरू की और घर के पास बैडमिंटन कोर्ट में कोच अन्ना राजा से प्रशिक्षण लिया। शुरुआती दौर में उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और संतोषजनक नतीजे हासिल किए। इन सफलताओं ने उनके मन में इस खेल को गंभीरता से अपनाने का संकल्प मजबूत किया। उस समय इस खेल को बहुत लोग जानते नहीं थे, लेकिन उन्होंने इसी खेल को अपना पहचान बनाया।


### विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप : वैष्णवी-प्रिया से अभी उम्मीदें

# चौथे दिन भारत ने सिर्फ एक मुकाबला जीता, चार बाहर

एजेंसी ▶▶| जगरेब (क्रोएशिया)

भारत की युवा महिला पहलवान विश्व चैम्पियनशिप में संघर्ष करती नजर आईं और दो हारकर बाहर हो गई जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किलो) और प्रिया मलिक (76 किलो) की उम्मीदें अभी दूसरे मुकाबले पर टिकी हैं।

अंकुश (50 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में नतालिया वराकिना ने 6-5 से हराया। तपस्या को मैक्सिको की बर्था रोजास चावेज ने 4-2 से शिकस्त दी। वराकिना और चावेज अपने अगले मुकाबले हार गईं जिससे भारतीय पहलवानों के लिये भी दरवाजे बंद हो गए।



### पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल (65 किलो) और विकी (97 किलो) रेपेशॉज का फायदा नहीं उठा सके। सुजीत को अमेरिका के रीयल मार्शल रे वुड्स ने 7-5 से हराया जबकि विकी बुल्गारिया के अखमद मागामाएव के खिलाफ 'चित होकर' हार गए।



### वैष्णवी मंगोलियाई पहलवान से हारीं

वैष्णवी ने लातविया की एल्मा जेडलेरे को 3-1 से हराया लेकिन मंगोलिया की दुनिया की पांचवें नंबर की पहलवान एंखजिन टी से क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वहीं 76 किलोवर्ग में प्रिया को इक्वाडोर की पांचवीं रैंकिंग वाली जेनेसिस रीसको वालदेज ने 4-2 से हराया। वालदेज अगर क्यूबा की मिलयाइमी डे ला कोरिडाड मारिन पोट्राइल से अपना सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेती है तो प्रिया को रेपेशॉज में जगह मिलेगी।

# महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक कराए जाएं स्थानीय निकाय चुनाव

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## अधिकारियों को 10 अक्टूबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश जारी किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्टूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा। स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना 4 सप्ताह के भीतर और चुनाव 4 महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अब कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

*समय सीमा में दिया अंतिम विस्तार*

*अदालत ने कहा- अब कोई ढील नहीं दी जाएगी*



### 2022 में यथास्थिति बनाए रखने को कहा था

इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

**2021 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था फैसला**

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती। कोर्ट ने कहा था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी।

### चुनाव आयोग को दी थी चेतावनी

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई 2022 को राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दी थी कि अगर उसने स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया को फिर से अधिसूचित किया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला अध्यादेश लेकर आई थी।

**धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक की मांग**

## शीर्ष कोर्ट 6 सप्ताह बाद करेगा सुनवाई, 4 हफ्ते में मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। कोर्ट ने कहा है कि वह विभिन्न राज्यों में लागू धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न राज्य सरकारों से 4 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में उत्तर प्रदेश सरकार से धर्मांतरण निषेध कानून (संशोधन) 2024 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था। याचिका को इस मुद्दे से जुड़ी लंबित याचिकाओं के साथ सुनवाई के लिए जोड़ा गया था। याचिका लखनऊ की शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा और अन्य लोगों द्वारा दायर की गई थी। याची का कहना है कि यूपी के धर्मांतरण निषेध कानून की कुछ धाराएं स्पष्ट नहीं हैं। इनकी भाषा इतनी उलझी हुई है कि पता ही नहीं चलता कि कानून के तहत अपराध क्या है?

---

**खबर संक्षेप**

### पूजा खेडकर के पिता बॉडीगार्ड भी लापता



**मुंबई।** पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के पिता और उनके बॉडीगार्ड ट्रक ड्राइवर के अपहरण के मामले में फरार हैं। दोनों उस एसयूवी गाड़ी के साथ रविवार से लापता हैं, जिसमें अपहरण किया गया था। पुणे और नवी मुंबई पुलिस ने फिर से बंगले की तलाशी ली। इस बार पुलिसकर्मी गेट फांदकर अंदर घुसे।

### 30% जीडीपी का हिस्सा एमएसएमई से आ रहा



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर से सांसद डॉ. महेश शर्मा और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद महेश शर्मा ने उद्यमियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत जीडीपी का हिस्सा एमएसएमई से आता है। टैरिफ की लड़ाई लंबी चलने वाली नहीं है।

### लड़के का यौन शोषण 9 आरोपी गिरफ्तार



**कासरगोड।** एलजीबीटीक्यू समुदाय के एक मोबाइल एप पर दोस्ती करने के बाद 16 साल के लड़के का कथित तौर पर यौन शोषण करने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कासरगोड जिले से गिरफ्तार 9 लोगों में दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। 14 पुरुषों ने 2 साल तक यौन शोषण किया।

### दोस्त का सिर काटकर घूमा, फिर कूड़े में फेंका



**सूरत।** यहां के लसकाना थाना क्षेत्र में 11 सितंबर को हत्या का अजीबोगरीब मामला सामने आने से सनसनी फैल गई थी। मृतक युवक का कटा हुआ सिर बाहर सड़क पर कचरे के ढेर में पड़ा था, जबकि धड़ कमरे के अंदर मौजूद था। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू की। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

---

## एएनटीएफ प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में गृहमंत्री शाह का ऐलान

# हमारी युवा पीढ़ी देश की नींव, 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाना होगा

*सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित*

भारत तभी होगा सुरक्षित जब युवाओं को ड्रग के खतरे से बचाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले।



### ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

### युवा पीढ़ी ही सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि पीएम मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बने। इसके लिए युवा पीढ़ी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अगर युवा दृढ़ संकल्पित हों तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां नशे की दलदल में न फंसें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**ड्रग्स के 3 तरह के कार्टेल, इन पर प्रहार जरूरी**

शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

### विदेशी तस्करों पर कार्रवाई

गृह मंत्री शाह ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी एएनटीएफ प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा। गृह मंत्रालय इस पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लाने जा रहा है।

### जब्त ड्रग्स का नष्टीकरण शुरू

शाह ने देशभर में जब्त की गई 4,794 करोड़ की ड्रग्स को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की। उन्होंने कहा कि एनसीबी जीएसटी विभाग, राज्य ड्रग्स नियंत्रकों, आयकर विभाग और वित्तीय संस्थानों से लगातार समन्वय कर रही है ताकि ड्रग्स नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने लाई जा सके।

### युवा पीढ़ी को खोखला होने से बचाएं

शाह ने ड्रग्स के वैश्विक आपूर्ति केंद्रों की भारत से निकटता को एक बड़ी चुनौती बताया और युवा पीढ़ी को नशे से बचाने को राष्ट्रीय प्राथमिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक पूर्ण विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए युवाओं को नशे से मुक्त रखना जरूरी है।

---

**असम सिविल सेवा अधिकारी के घर छापा**

## 2 करोड़ की नकदी के साथ एक करोड़ के आभूषण जब्त



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

गुवाहाटी पुलिस ने सोमवार को असम सिविल सेवा की एक अधिकारी को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के अधिकारियों की एक टीम ने अधिकारी नूपुर बोरा के गुवाहाटी स्थित आवास पर भी छापा मारा। इस दौरान 92 लाख रुपए नकद और लगभग 1 करोड़ रुपए के आभूषण जब्त किए। बारपेटा स्थित उनके किराए के घर पर छापेमारी के दौरान 10 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए।

### 6 महीनों से उन पर थी नजर

गोलाघाट निवासी नूपुर बोरा 2019 में असम सिविल सेवा में शामिल हुईं। वर्तमान में कामरूप जिले के गोरोइमारी में एक सर्किल ऑफिसर के रूप में तैनात थीं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विवादास्पद भूमि संबंधी मामलों में कथित संलिप्तता की शिकायतों के बाद पिछले 6 महीनों से उन पर निगरानी रखी जा रही थी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि असम सरकार की एक अधिकारी के खिलाफ अवैध धन प्राप्त करने के मामले में कार्रवाई जारी है।

### इस तरह शुरू हुआ उनका कॅरियर

बोरा साल 2019 बैच की एसीएस अधिकारी हैं। नूपुर ने गुवाहाटी यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी साहित्य से डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद कॉटन कॉलेज में अध्ययन किया। सिविल सर्विस से पहले नूपुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवक्ता के रूप में काम करती थीं। हालांकि, ये जानकारी उनके फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार बताई जा रही है। नूपुर का प्रशासनिक करियर कार्बी आंगलोंग में सहायक आयुक्त के पद से हुआ था। वे मार्च 2019 से जून 2023 तक इस पद पर रही थीं। इसके बाद जून 2023 में उन्हें बारपेटा में सर्कल ऑफिसर नियुक्त किया गया। यहां से उनका तबादला कामरूप में कर दिया गया था।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी: मुख्यमंत्री

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि अवैध धन प्राप्त करने के आरोप में असम सरकार के एक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सरकार को जानकारी मिली है कि यह अधिकारी हिंदुओं की जमीन एक खास समुदाय को हस्तांतरित किया जा रहा था।

---

## भारतीय रेल में पहली बार प्राचार्य सम्मेलन, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और आधुनिकता पर दिया जोर



रॉयल पत्रिक

भारतीय रेल ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की प्रणाली में गुणवत्ता और आधुनिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल की है। पहली बार भारतीय रेल के मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स के प्राचार्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन ट्रैफिक निदेशालय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### 14 एमडीजेडटीआई संस्थान देते हैं प्रशिक्षण

भारतीय रेल के पास वर्तमान में कुल 14 संस्थान हैं, जहां फील्ड स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाती है। इन संस्थानों में नए भर्ती कर्मचारियों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, वहीं कार्यरत कर्मचारियों को समय-समय पर रिफ्रेशर कोर्स कराया जाता है, जिससे वे बदलती तकनीकों और नीतियों से अपडेट रह सकें और गुणवत्ता बनी रहे।

---

**दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव**

## किरोड़ीमल कॉलेज में झड़प, आपस में भिड़े एबीवीपी-एनएसयूआई कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव से महज 2 दिन पहले नॉर्थ कैंपस के किरोड़ीमल कॉलेज में माहौल गरमा गया है। प्रचार के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हो गई। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया और दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और छात्रों को तितर-बितर किया गया।

इस दौरान कुछ छात्रों ने 'दिल्ली पुलिस हाय-हाय' के नारे भी लगाए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें कुछ छात्र-छात्राएं आपस में झूमाझटकी भी करते नजर आ रहे हैं। यूपी कांग्रेस



अध्यक्ष अजय राय भी इसी कॉलेज में एनएसयूआई के प्रचार के लिए पहुंचने वाले थे। इससे कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस ने हालात को काबू में ले लिया है। मतदान से पहले इस घटना ने चुनावी सरगर्मी को और तेज कर दिया है। इसके पहले भी इस अहम चुनाव में ये कार्यकर्ता भिड़ चुके हैं।

---

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की योजना

## निर्माण और बिक्री की सूचना देने वाले को मिलेंगे 15 हजार रुपए

*सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध को सफल बनाएं*

एजेंसी ▶▶ भिवाड़ी

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत 1 जुलाई, 2022 से देशभर में चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित जुयाल ने बताया कि इस प्रतिबंध में प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड्स, प्लास्टिक के झंडे, डिस्पोजल, थर्मोकोल प्लेट, कप, गिलास, स्ट्रॉ, चम्मच-कांटे, प्लास्टिक शीट, बैनर एवं अन्य एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री शामिल हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जनभागीदारी को बढ़ावा देने पुरस्कार योजना लागू की है। अब इस योजना में सूचना देने वाले को 15 हजार रुपए का पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है।




### हरियाणा में बैन के बावजूद हो रहा उपयोग

असंध। हरियाणा सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद इसका प्रयोग थम नहीं रहा है। गांव सालवन में प्रशासन के खुले दरबार में अधिकारी प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने को लेकर ज्ञान देते रहे, जबकि वे खुद भी सामने रखी प्लास्टिक की बोतलों में रखे पानी से अपने गले तर करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोगों की समस्या सुनने एसडीएम राहुल कुमार भी पहुंचे, लेकिन जिस सिंगल प्लास्टिक यूज को लेकर दावे किए जाते है एसडीएम राहुल कुमार के सामने उन्हीं प्लास्टिक की बोतलों में पानी रखा गया।

---

## वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित: शिवराज सिंह

रॉयल पत्रिक



'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' में वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष 341.55 मिलियन टन का था। यह जानकारी सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी।

संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2024-25 में 353.96 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 21.66 मिलियन टन (6.5%) अधिक है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली व सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। निर्धारित लक्ष्य 341.55 मिलियन टन से यह 12.41 मिलियन टन अधिक है। उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के ध्येय को सिद्ध करने का एक सफल उदाहरण है। इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को गहन विचार-विमर्श करने का मंच उपलब्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार 2 दिन का रखा है।

### दो दिनी 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान में कई मुद्दों पर की चर्चा

इस 2 दिनी सम्मेलन में जलवायु सहनशीलता, गुणवत्तापूर्ण बीज-उर्वरक-कीटनाशक, बागवानी, प्राकृतिक खेती, प्रभावी प्रसार सेवाएं और कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका, केंद्र प्रायोजित योजनाओं का समन्वय शामिल हैं। दलहन-तिलहन की उत्पादकता बढ़ाने और एकीकृत कृषि प्रणाली को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई है। चौहान ने बाढ़ प्रभावित राज्यों की स्थिति को लेकर भी चर्चा की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। बाढ़ से पंजाब, हिमाचल, जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, असम, आंशिक रूप से हरियाणा शामिल हैं। इन राज्यों को मदद में कोई कमी नहीं रखेंगे।

---

**सीएम रेखा ने लॉन्च किया 'नमो प्रगति दिल्ली' गीत**

# कर्तव्य पथ पर आज होगा 'थैंक यू मोदीजी' वॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार पीएम मोदी के लिए प्रेम और शुभकामना कार्ड उन्हें भेंट किया। इसके साथ ही नमो प्रगति दिल्ली गीत भी लॉन्च किया गया, जिसे बच्चों ने पीएम के जन्मदिन के अवसर पर 21 अलग-अलग भाषाओं में प्रस्तुत किया। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि बुधवार कर्तव्य पथ पर 'थैंक यू मोदीजी' वॉक का आयोजन किया जाएगा और दिल्ली में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया जाएगा। साथ ही बुधवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनेगा

मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जाएगा

**एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुपम संदेश दिया**



गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों से आए इन मासूम बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरा वातावरण जीवंत कर दिया। सबसे विशेष क्षण तब आया जब उन्होंने अपने छोटे-छोटे हाथों से प्रेम और कृतज्ञता के साथ प्रधानमंत्री के लिए शुभकामना कार्ड बनाए और भेंट किए। इसी अवसर पर 'नमो प्रगति दिल्ली' गीत भी लॉन्च किया गया, जिसे बच्चों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 21 अलग-अलग भाषाओं में प्रस्तुत कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुपम संदेश दिया।

### प्रधानमंत्री के दिए गए 'तोहफों' को याद रखेंगे

इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी सरकार को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लिए बहुत काम किया है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारें हमेशा उनके बारे में गलत बोलती रहीं। पहली बार दिल्ली में ऐसी सरकार है जो उनके काम को सच्चे दिल से सराहती है। बुधवार को हमने सुबह सात बजे थैंक यू मोदीजी संकल्प वॉक रखी है। मोदी ने 11 साल में दिल्ली के लिए जो दिया, उसे हम हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,